ज्ञानामृत

सन्यास हृदय की एक दशा का नाम है, किसी ऊपरी नियम या वेशभूषा का नहीं।

▶▶ श्रीमद् भगवदगीता

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 93 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-

## रेलमंत्री वैष्णव ने दी 8741 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं को मंजूरी

# सीएम विष्णुदेव के प्रयासों से छत्तीसगढ़ को मिलेंगे 21 नए रेलवे स्टेशन

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से छत्तीसगढ़ को 21 नए रेलवे स्टेशनों की सौगात मिली है। जो राज्य की जनता के लिए बड़ी खुशखबरी है। सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश सरकार के साथ जुड़े। छत्तीसगढ़ को केंद्रीय कैबिनेट ने नई रेल लाइन मंजूर की है। खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेल प्रोजेक्ट पर उन्होंने दिल्ली के रेल भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें जशपुर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और रायपुर से रेलवे के अधिकारी भी जुड़े। बता दें, इस रेल परियोजना पर 8741 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इससे पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि खरसिया-परमालकसा 5वीं-6वीं रेल लाइन छत्तीसगढ़ में रेल नेटवर्क की नई धमनी की तरह है । यह ओडिशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा देगी।

### नई रेल परियोजना छत्तीसगढ़ का सौभाग्यः सीएम साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आई है, छत्तीसगढ़ में रेलवे से जुड़ा हजारों करोड़ का काम हो रहा है। नई परियोजना से छत्तीसगढ़ के छह सात जिले जुड़ते हैं, यह राज्य के लिए सौभाग्य की बात है। स्टेशनों के विकास के लिए सरकार ने करोड़ों का फंड दिया है, इससे रेलवे और छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदलेगी। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राज्य के लोगों ने जिन उम्मीदों के साथ डबल इंजन की सरकार बनाई है, उसे पूरा करने का काम भारतीय रेल कर रही है।

### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए रेलवे अब बायपास पद्धति को अपना रही है। इसके तहत मालगाड़ी को शहर के बाहर से निकालने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों को शहर के अंदर एंट्री दी जाएगी । इस रेल लाइन के निर्माण के दौरान भी इस पर फोकस रहेगा । साथ ही छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत डोकरा और कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाके भी रेल लाइन के जरिए जुड़ेंगे । इसके चलते 2 करोड़ मैन डे जॉब क्रिएट होगा ।

### 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का होगा निर्माण

रेल मंत्री ने कहा कि यह भारत के सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है । इससे छत्तीसगढ़ के रायगढ़, जांजगीर चाँपा, बिलासपुर, बलौदा बाजार, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिले जुड़ेंगे । इसके तहत 21 स्टेशन बनेंगे और 48 बड़े ब्रिज बनाए जाएंगे। साथ ही 349 माइनर ब्रिज बनेंगे। 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा । स्थानीय स्तर पर निवासियों को दिक्कत ना हो इसके लिए 5 रेल फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगे

### 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछेंगी

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में 615 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछेंगी, जिसमें 278 किलोमीटर का रूट है। इस रूट के निर्माण के बाद 8 से ज्यादा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जाएगा । इस रेल नेटवर्क के निर्माण से करीब 22 करोड़ लीटर डीजल बचेगा और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपये के डीजल की बचत होगी। रेल मंत्री ने कहा कि भगवान राम के वनवास के दौरान माता शबरी के प्रसंग से जुड़े लक्ष्मी नारायण मंदिर का भी इस रेल नेटवर्क से संपर्क स्थापित होगा। बलौदा बाजार और खरसिया जैसे सीमेंट उत्पादन के बड़े इंडस्ट्रियल हब भी इस नेटवर्क से जुड़ेंगे ।

## ब्लैक मंडेः वैश्विक संकट की चपेट में दुनियाभर के बाजार

# शेयर बाजार में निवेशकों को लगा 19.4 लाख करोड़ का फटका

### सप्ताह के पहले दिन सेंसेक्स 2,226 और निफ्टी 743 अंक टूटा

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**

सोमवार का दिन भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में 'ब्लैक मंडे' के रूप में दर्ज हो गया। वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति और निवेशकों की भारी बिकवाली के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही प्रमुख सूचकांक नौ महीनों के निचले स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स 2,226.79 अंकों की गिरावट के साथ 73,137.90 पर और निफ्टी 742.85 अंकों की भारी गिरावट के साथ 22,161.60 पर बंद हुआ। इस भारी गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 19.4 लाख करोड़ घटकर 383.95 लाख करोड़ रुपए रह गया। यह निवेशकों के लिए एक बड़ा झटका है। यह पिछले 10 महीनों की सबसे बड़ी गिरावट मानी जा रही है। गिरावट की सबसे बड़ी वजह अमेरिका की ओर से टैरिफ (आयात शुल्क) में वृद्धि और चीन की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी टैरिफ नीति को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए कड़वी लेकिन जरूरी दवा बताया, लेकिन इसका प्रभाव पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर बुरी तरह पड़ा। ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि वह अपनी नीतियों से पीछे नहीं हटेंगे, जिससे वैश्विक निवेशकों में घबराहट बढ़ गई है। इसी कारण से सोमवार को एशिया, यूरोप और अमेरिका के बाजारों में जोरदार गिरावट देखी गई।




### विदेशी निवेशकों की बिकवाली

अप्रैल के पहले सप्ताह में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 13,730 करोड़ रुपए की बिकवाली की है। वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण एफपीआई निवेशक सबसे पहले पूंजी बाजार से बाहर निकलते हैं, जिससे घरेलू बाजारों पर दबाव बढ़ जाता है।

### भारत में कंपनियों पर गिरी गाज

- बीएसई सेंसेक्स में शामिल 30 में से 29 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए।
- टाटा स्टील में सबसे अधिक 7.33% की गिरावट दर्ज की गई।
- लार्सन एंड टुब्रो 5.78% टूटा।
- टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में भी भारी गिरावट आई।
- केवल हिंदुस्तान यूनिलीवर ही मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

### एशिया और अमेरिका के हाल

- हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 13% तक गिर गया।
- जापान का निक्की 225 इंडेक्स 8% तक टूटा।
- दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 5% नीचे आया।
- शंघाई का एसएसई कंपोजिट 7% गिरा।
- अमेरिकी शेयर बाजार में भी शुक्र वार को ही गिरावट के संकेत मिल गए थे। **S&P** 500 इंडेक्स 5.97%, **Nasdaq** कंपोजिट 5.82% और **Dow Jones** 5.50% की गिरावट के साथ बंद हुए।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी मची तबाही

- भारत ही नहीं, पड़ोसी देशों में भी सोमवार को अफरा-तफरी का माहौल रहा।
- पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में बेंचमार्क चस्ध-100 इंडेक्स में 8,000 अंकों की गिरावट के बाद एक घंटे के लिए ट्रेडिंग रोक दी गई। दोबारा शुरू होने के बाद भी 2,000 अंक और गिरे, जिससे कुल गिरावट 8,600 अंकों की रही।
- बांग्लादेश के अंतरिम नेता मुहम्मद यूनुस ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पत्र लिखकर तीन महीने तक किसी भी तरह के टैरिफ से राहत देने की गुहार लगाई।

### एक्सपर्ट व्यू

**विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका की टैरिफ नीति और वैश्विक व्यापार युद्ध यूं ही जारी रहा, तो निफ्टी और नीचे 21,500 के स्तर तक जा सकता है।**


## भारतीय बाजार को राहत की उम्मीद

# आबीआई एमपीसी की बैठक शुरूः रेपो रेट में 25 आधार अंकों के कटौती की उम्मीद, कल आ सकता है फैसला

रिजर्व बैंक ने सोमवार को दो महीने के अंतराल पर होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू की। महंगाई के मार्चे पर नरमी को देखते हुए एमपीसी से ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से जवाबी टैरिफ लगाए जाने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने गंभीर चुनौतियां पैदा हो गई हैं। ताजा वैश्विक हालात के बीच एमपीसी की ओर से वृद्धि को प्रोत्साहित करने वाला निर्णय भी लिए जाने की जरूरत है। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय का एलान बुधवार को होगा। फरवरी में एमपीसी ने रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया था। मई 2020 के बाद यह पहली कटौती थी और ढाई साल बाद पहली बार इसमें बदलाव किया गया था। जानकारों का मानना है कि आरबीआई की दर निर्धारण समिति इस सप्ताह 25 आधार अंकों की एक और कटौती करने का फैसला ले सकती है। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापार से संबंधित टैरिफ बाधाओं, मुद्रा बाजार में तेज उतार-चढ़ाव और नरम वैश्विक पूंजी प्रवाह से पूरी दुनिया के विकास को महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। इन हालातों से कोई भी देश अछूता नहीं है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में बदलाव की दिशा उदार रह सकती है। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की शोध रिपोर्ट- एमपीसी बैठक की प्रस्तावनाः 7-9 अप्रैल, 2025 में कहा गया है, हम अप्रैल 2025 की नीति में 25 आधार अंकों की दर कटौती की उम्मीद करते हैं।




## ...और दुनियाभर के शेयर बाजारों में हाहाकार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टैरिफ को बताया 'दवा'



अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के बाद एशिया और यूरोप के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली है। शेयर बाजारों में सोमवार को मचे हाहाकार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को 'दवा' बताया है। टैरिफ को लेकर पूरी दुनिया में हो रही आलोचनाओं के बीच अपनी फैसले को सही ठहराते हुए ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, तेल की कीमतें कम हो गई हैं, ब्याज दरें कम हो गईं है और कोई मुद्रास्फीति भी नहीं रह गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा कि, तेल की कीमतें कम हो गई हैं, ब्याज दरें कम हो गई हैं, खाद्य पदार्थों की कीमतें कम हो गई हैं, कोई मुद्रास्फीति नहीं है, और लंबे समय से दुरुपयोग का शिकार अमेरिका पहले से लागू टैरिफ का दुरुपयोग करने वाले देशों से प्रति हफ्ते अरबों डॉलर कमा रहा है। वहीं चीन को सबसे बड़ा दुरुपयोगकर्ता बताते हुए ट्रंप ने आगे लिखा कि यह इस तथ्य के बावजूद है कि सबसे अधिक दुरुपयोग करने वाला देश चीन, जिसके बाजार गिर रहे हैं। उसने अपने टैरिफ में 34 फीसदी की वृद्धि की है, जो कि हास्यास्पद है। दुरुपयोग करने वाले देशों ने जवाबी कार्रवाई न करने की मेरी चेतावनी को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने दशकों से अमेरिका का फायदा उठाकर बहुत कुछ गलत किया है! जो बाइडन पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने कहा, हमारे देश में ऐसा होने देने के लिए हमारे पिछले नेताओं को दोषी ठहराया जाना चाहिए। अमेरिका को फिर से महान बनाओ! राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक पोस्ट में लिखा कि टैरिफ खूबसूरत चीज है। चीन, यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों के साथ हमारे पास बहुत बड़ा वित्तीय घाटा है। इस समस्या का समाधान केवल टैरिफ के जरिये हो सकता है, जो अब अमेरिका में अरबों डॉलर ला रहा है। वे पहले से ही प्रभावी हैं, और देखने में बहुत सुंदर हैं। इन देशों के साथ अधिशेष स्लीपी जो बाइडन काल में बढ़ा है, हम इसे पलटने जा रहे हैं। ट्रंप ने चीन द्वारा भी अमेरिका पर भारी भरकम टैरिफ के एलान पर कहा कि हमारा चीन के साथ व्यापार घाटा है और उसे खत्म करने के लिए ही टैरिफ लगाने का फैसला लिया गया है। वह बोले, अमेरिका के टैरिफ लगाने से चीन को बड़ा झटका लगा है। हम खरबों डॉलर की बात कर रहे हैं और हम सिर्फ पेंसिल खरीदने के लिए तो खरबों डॉलर नहीं गंवाएंगे।

## दमोह में सात मौतों का मामला

### सात मौतों का आरोपी डॉक्टर प्रयागराज से गिरफ्तार

**विजय मत, दमोह**

दमोह के अस्पताल में हार्ट सर्जरी के दौरान 7 मौतों के आरोपों के बीच पहला मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में रात के अंधेरे में देर रात जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने कोतवाली थाना पहुंचकर सर्जरी करने वाले फर्जी डॉक्टर डॉ. एन जॉन केम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं इस मामले में कलेक्टर ने मीडिया से बातचीत की है। देर शाम आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि एमपी श्रुतकीर्ती सोमवंशी ने की है। दमोह कलेक्टर कलेक्टर सुधीर कोचर ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम दमोह पहुंची है। आयोग की तीन सदस्यीय टीम ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से चर्चा की है। इसके अलावा टीम पीड़ित परिवार के लोगों से भी मिल रही है। साथ ही ऑपरेशन से संबंधित कागजातों को भी देखा जा रहा है। ये क्रम अभी लगातार चलेगा। आयोग की टीम नौ अप्रैल दोपहर तक रहेगी। टीम जो भी प्रमाण मांग रही है, वो सभी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आयोग के निष्कर्षों के बाद स्थिति साफ हो जाएगी।



## एनसीडीआरसी को सुप्रीम निर्देश

### बीमा पॉलिसी के तहत मुआवजे पर नए सिरे से करें विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) को अहम निर्देश दिया। इसके तहक न्यायालय ने एनसीडीआरसी को निर्देश दिया कि वह 2005 में एक कंपनी को हुए नुकसान के लिए बीमा पॉलिसी के तहत देय मुआवजे की राशि पर नए सिरे से विचार करे। यह आदेश जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अगस्त 2022 में एनसीडीआरसी द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ बीमा कंपनी की अपील पर सुनवाई करते हुए दिया। बता दें कि एनसीडीआरसी ने पहले माना था कि बीमा कंपनी को कंपनी को मुआवजा देना चाहिए क्योंकि फैक्ट्री शेड के ढहने से कंपनी को नुकसान हुआ था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कंपनी ने कंपनी ने बीमा फर्म से आग और विशेष खतरों के खिलाफ एक व्यापक बीमा पॉलिसी ली थी। इस पॉलिसी की अवधि 30 जून 2005 से 29 जून 2006 तक थी।



### पेट्रोल-डीजल पर बढ़ा उत्पाद शुल्क, 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी, नहीं पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 2-2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। राहत की बात यह है कि उत्पाद शुल्क के बढ़ने से आम जनता पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। यह फैसला वैश्विक तेल कीमतों में जारी उतार-चढ़ाव और ट्रंप प्रशासन की ओर से जवाबी टैरिफ के एलान के बीच लिया गया है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतें 8 अप्रैल से लागू होंगीं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई। सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो-दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है।




### महंगी हुई रसोई गैस, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 50 बढ़कर 853

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है। एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ गई हैं। घरेलू गैस सिलेंडर और उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया। मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें आज आधी रात से लागू हो जाएंगी।



### हाईकोर्ट ने आसाराम बापू को दी 30 जून तक अंतरिम जमानत

**जोधपुर, एजेंसी।** नाबालिग से यौन शोषण के मामले में जोधपुर सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया है। सोमवार को राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की बेंच में आसाराम के अधिवक्ता और सरकारी पक्ष की दलीलें सुनी गईं। आसाराम के वकील निशांत बोडा ने इलाज पूरा करने के लिए जमानत बढ़ाने की अपील की और यह भी कहा कि आसाराम ने किसी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है।



## गृहमंत्री अमित शाह की अपील का असर

# दंतेवाड़ा में 26 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

### मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षा बलों को दी बधाई

**विजय मत, दंतेवाड़ा/रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे निर्णायक अभियानों को एक और बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को 26 हार्डकोर नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जो राज्य की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति- 2025 की सफलता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर सुरक्षाबलों के जवानों को सहृदय बधाई देते हुए कहा कि नक्सलवाद के समूल नाश के हमारे संकल्प को निरंतर सफलता मिल रही है। इस उपलब्धि में नियद नेल्ला नार योजना और लोन वर्राटू अभियान की अहम भूमिका रही, जो आदिवासी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लाल आतंक प्रभावित गांवों को नक्सलमुक्त घोषित होने पर 1 करोड़ रुपए की विशेष सहायता राशि की घोषणा के सकारात्मक परिणाम भी अब सामने आने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक राज्य को पूरी तरह नक्सल आतंक से मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि हम निश्चित रूप से तय समयसीमा के भीतर इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह महज कोई अभियान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की शांति, सुरक्षा और समृद्धि का मिशन है।

### *नारायणपुर में 5 महिला नक्सलियों ने किया सरेंडर*

*नारायणपुर में 5 महिला नक्सलियों ने हथियार के साथ सरेंडर किया है। सभी माओवादियों पर 1-1 लाख रुपए का इनाम घोषित है। बता दें, साल 2025 में अब तक 87 बड़े-छोटे कैडर के माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जानकारी के मुताबिक, यह सभी महिला नक्सली माड़ डिवीजन कुतुल-नेलनार-परलकोट एरिया कमेटी के हैं। आत्मसमर्पण करने पर सभी को प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपए का चेक दिया गया। उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी तरह की सुविधाएं दी जाएगी।*

### केंद्र सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचायाः कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बदहाल करने का आरोप लगाया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक 2 मिनट 8 सेकेंड का वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर ये जानना जरूरी है कि आखिर किस तरह मोदी सरकार ने देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू में पहुंचाया है। इस वीडियो की शुरूआत में लिखा गया है, दवाई, इलाज पर महंगाई की भाजपाई गोली। इस वीडियो में मल्लिकार्जुन खरगे दावा किया है कि महंगे इलाज और कम सरकारी खर्च के आंकड़े सरकार के काम की गवाही दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की तरफ से पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया गया है कि, 5 साल से देश की चिकित्सा मुद्रास्फीति 14% रही, जिससे इलाज कराने का खर्च अधिक बढ़ गया।



### शराब घोटाला केसः 11 अप्रैल तक रिमांड पर रहेंगे पूर्व मंत्री लखमा, 4 दिन पूछताछ करेगा ईओडब्ल्यू

**विजय मत, रायपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की रिमांड 11 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। अगले 4 दिन ईओडब्ल्यू के अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे। दरअसल, कवासी लखमा 16 जनवरी 2025 से जेल में बंद हैं। रिमांड खत्म होने के बाद ईओडब्ल्यू ने स्पेशल कोर्ट में पेश किया, जहां मामले की सुनवाई हुई। इससे पहले, लखमा को प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए ईओडब्ल्यू ने आवेदन लगाया था। जिसके बाद 2 अप्रैल को सुनवाई के बाद कोर्ट ने कवासी लखमा को 7 अप्रैल तक कस्टोडियल रिमांड पर भेजा था। अधिकारियों ने लखमा से 5 दिन तक पूछताछ की थी। अब फिर रिमांड बढ़ा दी गई है। बताते चलें कि, पिछली सुनवाई के दौरान कवासी लखमा ने कोर्ट के बाहर मीडिया से कहा था कि, मैं गरीब आदमी हूं। बस्तर की आवाज विधानसभा में उठाता हूं। जनता की आवाज और बस्तर की आवाज उठाने पर सरकार मुझे परेशान कर रही है। मैं निर्दोष हूं।



## न्यूज इन शॉर्ट



### कार और बाइक में भिड़ंत, युवक की दर्दनाक मौत

सूरजपुर । सूरजपुर से सामने आई है, जहां कार और बाइक के बीच आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। दर्दनाक हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चांदनी बिहरपुर क्षेत्र के नवडीहा के पास हुई है।मंदिर से लौटते वक्त हादसे में हुई मौत कुदरगढ़ देवी धाम से लौट रहा था। इसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया. उसकी तेज रफ्तार बाइक और कार की भिड़ंत हो गई।हादसे में घायल को स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### सड़क हादसा में आरक्षक की मौत

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे ने एक और आरक्षक की जिंदगी छीन ली. बिलासपुर में मंदिर दर्शन करने निकले पुलिस आरक्षक रामनारायण सिंह को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। और उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन के साथ फरार हो गया। रविवार की सुबह सेंदरी बाईपास रोड पर यह दुर्घटना हुई है। घटना बिलासपुर-रतनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सेंदरी के पास हुई। मामले में कोनी पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है. कोनी पुलिस के मुताबिक रामनारायण सिंह पुलिस लाइन में वाहन चालक के पद में कार्यरत थे। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी में बेलगहना क्षेत्र में स्थित देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था।आरक्षक अपनी बाइक से बिलासपुर रतनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सुबह साढ़े दस के आसपास सेंदरी के पास पहुंचा था, तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए उसे ठोकर मार दी।ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि आरक्षक रामनारायण सिंह बाइक से दूर जाकर सड़क किनारे लगे डिवाइडर तक पहुंच गया. जहां डिवाइडर का नुकीला कोर शरीर में घुस गया और पेट फट गया, आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि बीते दिनों दुर्ग के नंदनी थाना क्षेत्र में बेमेतरा ट्रैफिक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल दुष्यंत ठाकुर की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

### ऑनलाइन सट्टा संचालक सहित 5 गिरफ्तार

बलौदाबाजार। सरकंडा पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान अवैध ऑनलाइन सट्टा खेलवाने के मामले में बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से भारी मात्रा में सट्टा संबंधित सामग्री और नगद रकम बरामद की गई।पकड़े गए आरोपियों में राजदीप साहू 23 वर्ष निवासी ग्राम अमलीडीह,किशोर कुमार कोयल 23 वर्ष निवासी मोहतरा, रथ राम साहू 24 वर्ष निवासी गेवरा, विनय कुमार पटेल 25 वर्ष निवासी सिलादेही व दिकेशवर साहू 22 वर्ष निवासी अमलदेही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और 10,390 रुपये की नगदी जप्त की है। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर, उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

### धमतरी में हत्या फिर आत्महत्या का मामला, जांच में जुटी पुलिस

धमतरी । छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ समय से अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ते जा रहा है। प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में आए दिन चोरी, लूट, चाकूबाजी, दुष्कर्म और हत्या जैसी कई वारदातों को अपराधी बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं।कई बार ऐसी घटनाएं होती है जो दिल को झकझोर के रख देती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां एक पिता ने अपने ही बेटे की हत्या करने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली।मिली जानकारी के अनुसार, धमतरी जिले के अर्जुनी थाना क्षेत्र में एक पिता ने अपने 6 साल के मासूम की हत्या कर दी। पिता ने अपने बेटे पर फावड़े से वारकर मौत के घाट उतार दिया।इतना ही नहीं मासूम बेटे की हत्या के बाद पिता ने खुद भी आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। वारदात की जानकारी मिलते ही अर्जुनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

---

प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर निराकरण करेगा संबंधित विभाग

# अधिकारी कर्मचारी समन्वय स्थापित कर समस्याओं का करें निराकरण : कलेक्टर



**अम्बिकापुर** । कलेक्टर विलास भोसकर ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुशासन तिहार 2025 के सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक प्रातः 10 बजे से शाम 05 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 04 मई 2025 तक प्राप्त आवेदनों का एक माह के भीतर संबंधित विभाग द्वारा निराकरण किया जाएगा। तृतीय चरण में 05 मई से 31 मई 2025 तक समाधान शिवरों का आयोजन कर शिकायतों का निराकरण किए जाएंगे।

सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से समस्याओं और शिकायतों के आवेदन प्राप्त करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर के पास शिकायत शाखा, जिला पंचायत कार्यालय,ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, नगरीय पंचायत कार्यालय, नगर निगम कार्यालय, विकासखंड कार्यालय, एसडीएम कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने हेतु समाधान पेटी उपलब्ध रहेगा। साथ ही, नागरिक अपने आवेदन ऑनलाइन पोर्टल अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी जमा कर सकेंगे ।बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न मांगों एवं शिकायतों के प्राप्त आवेदनों के संकलन हेतु रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शिक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। ड्यूटी पर लगाए गए कर्मचारी अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर निर्धारित समय अनुसार उपस्थित रहेंगे ।उन्होंने सभी नियुक्त नोडल अधिकारियों को फील्ड में जाकर प्राप्त आवेदनों का निरीक्षण करने तथा समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु आवेदकों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कलेक्टर ने आवेदकों से मधुर एवं सरल भाषा में संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त करने को कहा ।कलेक्टर भोसकर ने सुशासन तिहार के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराने एवं पंपलेट वितरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को ईमानदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही तथा यह भी स्पष्ट किया कि इस अभियान के लिए विशेष पोर्टल तैयार किया गया है जिसमें आवेदन की प्रविष्टि, मॉनिटरिंग और समाधान प्रक्रिया डिजिटल रूप से दर्ज होगी। प्रत्येक आवेदन को एक यूनिक कोड दिया जाएगा और आवेदनकर्ताओं को पावती भी दी जाएगी।

साथ ही सभी कार्यों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी ।जिले में सुशासन तिहार के अंतिम चरण में लगभग 36 समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जो कि ऑनलाइन सुविधा से भी युक्त होंगे।

---

# रामनवमी शोभायात्रा के दौरान छात्र पर चाकूनुमा हथियार से हमला, मौत

**पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया पूछताछ जारी**

महासमुंद। रविवार रात राम नवमीं के जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में 12वीं में अध्ययनरत छात्र की चाकूनुमा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोरखापार दुर्ग निवासी विजय चंद्राकर ने बताया कि उनका पुत्र वेदांश चंद्राकर (17) महासमुंद के इमलीभाठा में रहकर गुड शेफर्ड स्कूल में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत था हाल ही में उसने परीक्षा दी थी। रविवार रात करीब 12 बजे उसके दोस्तों ने फोन पर जानकारी दी कि किसी ने वेदांश को चाकू मार दिया उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वह काफी होनहार था और किसी से उसकी रंजिश थी ऐसी कोई जानकारी भी हमें नहीं थी। मामले में कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक घायल अवस्था में दादाबाड़ा के पास पड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज सुबह शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा गया।



**हर पहलू पर हो रही जांच : टीआई**

प्रभारी श्री दुबे ने बताया पीएम में प्राथमिक तौर पर यह बात सामने आई है कि युवक की हत्या किसी नोंकदार हथियार से उसके हृदय स्थल पर वार किया गया जिससे उसकी मृत्यु हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

**नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला और पार्षद विनय चोपड़ा ने लिया निरीक्षण**

# महावीर जयंती व हनुमान जयंती को लेकर गोल बाजार में सफाई अभियान

**विजय मत मुंगेली ब्यूरो।**

महावीर जयंती और हनुमान जयंती जैसे पावन पर्वों को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा गोल बाजार क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला और गांधी वार्ड पार्षद विनय चोपड़ा ने किया।

सफाई अभियान के तहत महावीर चौक, मंदिर परिसर, नाली सफाई, सड़क धुलाई, बाथरूम और पेयजल व्यवस्था, सहित ट्रांसफार्मर के आस-पास गोल बाजार क्षेत्र की सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया।

जनता को स्वच्छ और सुचारु माहौल देने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में नगर पालिका की टीम ने पूरी तत्परता से भाग लिया। मंदिरों के पास विशेष सफाई की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि ÷हमारा प्रयास है कि त्योहारों के दौरान शहर की स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहे, जिससे श्रद्धालुजन श्रद्धा भाव से पर्व मना सकें।÷ पार्षद विनय चोपड़ा ने भी कहा कि ÷सफाई सिर्फ एक दिन का काम नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास है, और त्योहारों के दौरान हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।÷ इस पहल की सराहना क्षेत्रवासियों ने की और प्रशासन के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।



---

# मड़वारानी,पताढ़ी और बालपुर क्रॉसिंग में अंडरब्रिज निर्माण की मिली मंजूरी

कोरबा। गेवरा-कोरबा-चांपा के बीच एक-एक कर सभी रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए अंडरब्रिज और ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। राज्य शास्सन ने मड़वारानी, पताढ़ी और बालपुर अंडरब्रीज निर्माण की मंजूरी दे दी हैं। अभी तक दो स्थानों कोरबा व उरगा में ओवरब्रिज बना है। इमलीछापर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य चल रहा है।रेलवे प्रबंधन भी कोरबा रेलवे क्रॉसिंग के फाटकों को बंद करने के लिए कार्य कर रही है। इसके लिए गति शक्ति यूनिट के नाम से अलग विंग भी बनाई है। इससे रेलवे फाटक में कर्मचारियों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। लोगों को भी फाटक खुलने का इंतजार नहीं रहेगा। इसके लिए यातायात के हिसाब से योजना बनाई जा रही है। शहरी क्षेत्र में ओवरब्रीज के साथ अंडरब्रिज बनाने की योजना है। शहर में ओवरब्रिज का निर्माण राज्य शासन ने किया है। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत ग्राम उरगा से ग्राम हाटी के बीच भैसमा रेलवे क्रॉसिंग पर पीडब्ल्यूडी की सेतु निगम ने ओवरब्रिज का निर्माण कराया है। इमलीछापर कुसमुंडा में एसईसीएल के सीएसआर मद से ओवरब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। इसी तरह संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर खनिज न्यास मद और रेलवे के संयुक्त फंड से अंडरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने के साथ ही प्रक्रिया भी चल रही है। इसके लिए निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी सेतु निर्माण ने निविदा के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। पताढ़ी रेलवे क्रॉसिंग को पारकर ग्रामीण बस्ती पहुंचते हैं। इसलिए यहां अंडरब्रिज का प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इसी तरह मड़वारानी रेलवे क्रॉसिंग पर सबसे अधिक व्यस्त यातायात रहता है।



सरगबुंदिया और सुखरीकला फाटक को अगले चरण में किया गया है शामिल-सरगबुंदिया और सुखरीकला रेलवे फाटक भी अगले चरण में शामिल है। दोनों ही मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। इन स्थानों पर ओवरब्रिज की मांग भी हो चुकी है।

---

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के नव प्रवेशी छात्रों को नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने दिया आशीर्वाद

कसडोल । नगर के प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम के ऑक्सफोर्ड हायर सेकण्डरी स्कूल में शिक्षा सत्र 2024-25 वार्षिक परीक्षोंपरान्त 2025-26 के नई शिक्षासत्रारंभ के अवसर पत्र स्कूल प्रबंधन के द्वारा नव प्रवेशी छात्रों को आशीर्वाद देने नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू को आमंत्रित किया गया ,जिसे सहर्ष स्वीकार कर आज दिनांक 07 अप्रैल 2025 को नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष एव मंडल अध्यक्ष डां सुदीप मानिकपुरी,पार्षद पुनेश्वर मिश्रा,पार्षद प्रतिनिधि विमल वैष्णव,दीपक पटेल,पूर्व जनपद सभापति प्रीति राजेश जायसवाल,मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त्य सहित ऑक्सफोर्ड स्कूल पहुंच कर नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदानकर विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी ली ।विद्यार्थियों से भी पूछताछ की ।इससे पता चला कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय होते हुए भी शिक्षा के साथ व्यक्तित्व निर्माण के कार्य मे शुरू से लगा हुआ है ।ऑक्सफोर्ड स्कूल में बच्चों के सर्वांगीन विकास की दृष्टि से शारीरिक,मानसिक धार्मिक एव आध्यात्मिक शिक्षा भी बच्चों को बराबर दी जाती है ।जिसके गवाह पालक गण स्वयं हैँ, क्योंकि पूरे वर्षभर इन गतिविधियों को प्रकट करने पालकों को आमंत्रित किया जाता है ।विद्यालय के संचालक चंद्रप्रकाश साहू एवं प्राचार्या शीमती लक्ष्मी साहू ने नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू सहित उपस्थित सभी अतिथियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।



---

# जिला अस्पताल में अब हैं 400 बेड, जिले के 34 वार्डों में खुले हमर क्लीनिक

**जिले में बढ़ रही हैं स्वास्थ्य सुविधाएं, डीएमएफ व सीएसआर मद का भी हो रहा उपयोग**

कोरबा । स्वास्थ्य सुविधा के मामले में कुछ वर्षों तक पिछड़ रहे कोरबा जिले में अब व्यवस्था मजबूत हो रही है। राज्य शासन से मिलने वाले फंड के अलावा जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ व सीएसआर मद से स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। जिससे शासकीय चिकित्सालय अब लोगों के मोहल्ले तक पहुंच गए हैं। ऊर्जानगरी के नाम से पहचाने जाने वाले कोरबा जिले में कुछ वर्ष पहले तक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी।



शासकीय चिकित्सालय दूरदराज क्षेत्र में थे और विशेषज्ञ चिकित्सको के अभाव में जिला अस्पताल भी रेफरल सेंटर साबित हो गया था। लेकिन मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ ही जिला अस्पताल के मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल होते ही तस्वीर बदल गई। 100 बेड वाले चिकित्सालय अंतर्गत वर्तमान में 400 बेड की क्षमता है। लगभग सभी विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ है। ओपीडी में मरीजों की संख्या जहां पहले प्रतिदिन औसतन 3 सौ के आसपास थी वो अब 1 हजार से ज्यादा पहुंच गई है। आईपीडी में भर्ती संख्या चार गुना होने के अलावा शल्य चिकित्सा भी पहले से तीन गुना अधिक होने लगे हैं।

सामान्य पैथोलॉजी लैब अब सेंट्रल लैब में तब्दील हो चुकी है, जल्द ही हमर लैब शुरू होते ही डेढ़ सौ से ज्यादा प्रकार की जांच एक ही छत के नीचे उपलब्ध होने लगेगी।

वहीं बहुप्रतिक्षित सीटी स्कैन व एमआरआई मशीन की खरीदी के लिए डीएमएफ व सीएसआर से स्वीकृति मिल चुकी है, जल्द ही उनकी खरीदी के साथ मरीजों को जांच के लिए निजी सेंटर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इसी तरह शहरी क्षेत्र में हमर क्लीनिक तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से मोहल्ले तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच गई है।

### बन रही क्रिटिकल केयर यूनिट

मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल में 12 करोड़ की लागत से 50 बिस्तर का क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण कार्य भी चल रहा है। जिससे अब कोरबा शहर के निजी अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। वहीं सीएसआर मद से 3.5 करोड़ की लागत से नए कैजुअल्टी भवन के ऊपर जी प्लस टू भवन बनेगा जिससे 100 बिस्तर की क्षमता बढ़ जाएगी।

---

# जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई,अतिक्रमण के प्रयासों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**अवैध अतिक्रमण पर जिला प्रशासन सख्त**



विजयमत बलौदाबाजार ब्यूरो।

जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि के अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर रविवार को तहसील सिमगा के ग्राम खिलोरा में अवैध अतिक्रमण के प्रयासों पर राजस्व विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बुलडोजर चलाकर मुक्त कराया। सिमगा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अंशुल वर्मा ने बताया कि ग्राम खिलोरा के ग्रामीणों से राईस मिलर रौनक अग्रवाल के द्वारा किए जा रहे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी प्राप्त हुई।कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एसडीएम सिमगा के द्वारा तहसीलदार सिमगा के नेतृत्व में दल बना कर विवादित भूमि का नाप कर तत्काल उचित कार्यवाही हेतु आदेश जारी किया गया।राजस्व दल द्वारा मौके पर विवादित भूमि का नाप-जोख किया गया एवं की गई जांच के आधार पर शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण के प्रयास को बुलडोजर चला कर तत्काल रोक गया।कार्यवाही के दौरान ग्राम खिलोरा के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।गौरतलब है कि तिल्दा निवासी राइस मिलर रौनक अग्रवाल द्वारा ग्राम खिलोरा में जमीन खरीदकर राईस मिल स्थापित किया जा रहा है। मिलर के द्वारा खरीदी गई जमीन के साथ शासकीय जमीन पर पोल गाड़कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीणों के द्वारा इस अतिक्रमण के प्रयास की सूचना एसडीएम सिमगा को दी गई जिस पर कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आज बड़ी कार्यवाही की गई।

---

**खास-खबर** तालाबो में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्वाही करने के निर्देश

# महापौर,एमआईसी,पार्षदों सहित सैकड़ों आम नागरिको ने सफाई के लिए तालाब का संकल्प

**विजय मत दुर्ग ब्यूरो।**

नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को वार्ड 3 मठ पारा स्थित टप्पा तालाब की सफाई की गई। जिसमें महापौर अल्का बाघमार ने तालाब के आस पास फैले जलकुंभी और कचरे को निकालने फावड़ा उठाया। वहीं पार्षद पार्षद व वित्त व लेखा प्रभारी नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल,सामान्य प्रशासन प्रभारी मनीष साहू,विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर,पार्षद गोविंद्र देवांगन,वरिष्ठ नेता शिव चन्द्राकर,चंडी शीतला मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर,दिनेश नालोडे,पूर्व पार्षद ममता देवांगन, श्रीमती रानी सोनी,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,सुरेश भारती सहित सहयोग करने बड़ी संख्या में लोगों ने कतार में खड़े हो कर सफाई अभियान में हाथ बढ़ाया।महापौर ने पहले नागरिकों से चर्चा की, फिर तालाब को साफ करने आम लोगों से सहयोग की अपील की। महापौर अलका बाघमार और वार्ड पार्षद नरेंद्र बंजारे का सयोग करने लोग सहज रूप से तैयार हो गए,तालाब परिसर के आस पास झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिए। महापौर एमआईसी सदस्य, पार्षद और निगम अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ मिलकर तालाब से विसर्जन सामग्री,फूल माला, पालीथीन को तालाब से बाहर निकाला। दो घंटा से अधिक समय तक चले इस अभियान में टैक्टर ट्राली भरकर कचरा निकाला गया।महापौर अल्का बाघमार ने अंत में शहर के प्रत्येक तालाब को साफ रखने नागरिकों को सजग रहने कहा।महापौर ने निगम अधिकारियों से कहा कि नागरिक की शिकायत दूर हो यही प्राथमिकता है। सफाई अभियान के बाद महापौर अल्का बाघमार ने तालाब के आसपास के क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने तालाब के किनारे खाली जगह पर छ्यादार पौधरोपण करने निर्देश दिए।उन्होंने तालाबो में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्वाही करने निर्देश दिए।



संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# भारत का महा आर्थिक संकट, शेयर बाजार और बैंकों में हाहाकार

भारत में आर्थिक मंदी जिस तरह से सामने आ रही है। जिसमें अर्थतंत्र के सारे संस्थान डगमगाते हुए नजर आ रहे हैं। शेयर बाजार में पिछले 6 महीने से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इस गिरावट को थामने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक ने लाखों करोड़ रुपया शेयर बाजार में डाला। वह रुपया भी मुनाफा वसूली में शेयर बाजार से बाहर निकल गया। रिजर्व बैंक से केंद्र सरकार ने पिछले वर्षों में डिविडेंड के नाम पर काफी बड़ी राशि वसूल कर की है। जिसके कारण रिजर्व बैंक का आर्थिक संकट भी सामने दिख रहा है। रही सही कसर सरकारी बैंक पूरी कर रहे हैं। बैंकों द्वारा जो फाइनेंस किया गया है। उसकी वसूली नहीं हो पा रही है। बैंकों द्वारा पिछले वर्षों में खातेदारों से तरह-तरह के शुल्क लगाकर अनाप-शनाप वसूली की जा रही है। एनपीए खाते की रकम का समयोजन कर बैंकों का मुनाफा बैलेंस शीट में लाभ से एडजस्ट किया जा रहा है। पिछले वर्षों में शेयर बाजार में बैंकों द्वारा भारी निवेश किया गया है । जब तक शेयर बाजार मैं तेजी बनी हुई थी। तब तक बैंकों की बैलेंस शीट मुनाफा उगल रही थी। अब बैंकों की बैलेंस शीट घाटे की ओर आगे बढ़ रही हैं। जीवन बीमा निगम जैसी कंपनियां लड़खड़ा रही हैं । म्युचुअल फंड और अन्य वित्तीय संस्थान भी शेयर बाजार की गिरावट के कारण आर्थिक हालत खराब होती चली जा रही है । भारत के करोडों परिवार कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं ब्लूमबर्ग की जो रिपोर्ट सामने आई है । उसके अनुसार 68 फीसदी कर्जदारों को ईएमआई चुकाने में आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। 45 अरब डॉलर का कर्ज फंसा हुआ है। 91 से 180 दिनों के भीतर लोन की किस्त जमा नहीं होने पर बैंक यह राशि एनपीए में डाल देते हैं। एनपीए 3.3 फ़ीसदी की रफ्तार से बढ़ता चला जा रहा है। 2023 में यह आंकड़ा मात्र 0.8 फीसदी था।

## नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# टैरिफ युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं होगा अधिक प्रभाव

**प्रहलाद सबनानी**

दिनांक 2 अप्रेल 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति श्री डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा, विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयातित उत्पादों पर की गई टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ ही अंततः अमेरिका द्वारा पूरे विश्व में टैरिफ के माध्यम से व्यापार युद्ध छेड़ दिया गया है। अभी, अमेरिका ने विभिन्न देशों से अमेरिका में होने वाले आयात पर विभिन्न दरों पर टैरिफ लगाया है। अब इनमें से कई देश अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं, जैसे चीन ने अमेरिका से चीन में आयात होने वाले उत्पादों पर दिनांक 10 अप्रैल 2025 से 34 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है। टैरिफ के माध्यम से छेड़े गए व्यापार युद्ध का भारत पर कोई बहुत अधिक विपरीत प्रभाव पड़ने की सम्भावना कम ही है। दरअसल, अमेरिका ने विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर अलग अलग दर से टैरिफ लगाने की घोषणा की है और साथ ही कुछ उत्पादों के आयात पर फिलहाल टैरिफ की नई दरें लागू नहीं की गई हैं। टैरिफ की यह दरें 9 अप्रैल 2025 से लागू होंगी।

> अमेरिका का मानना है कि वैश्विक स्तर पर अन्य देश अमेरिका में उत्पादित वस्तुओं के आयात पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका में इन देशों से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर अमेरिका द्वारा बहुत कम दर पर टैरिफ लगाया जाता है अथवा बिलकुल नहीं लगाया जाता है। जिससे, अमेरिका से इन देशों को निर्यात कम हो रहे हैं एवं इन देशों से अमेरिका में आयात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रकार, अमेरिका का व्यापार घाटा असहनीय स्तर पर पहुंच गया है। इसके साथ साथ, अमेरिका में विनिर्माण इकाईयां बंद होकर अन्य देशों में स्थापित हो गई हैं और इससे अमेरिका में रोजगार के नए अवसर भी निर्मित नहीं हो पा रहे हैं।



विभिन्न देशों से अमेरिका में आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत की दर से न्यूनतम टैरिफ लगाया गया है। साथ ही, कुछ अन्य देशों यथा चीन से आयातित उत्पादों पर 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। इसी प्रकार, वियतनाम से आयातित उत्पादों पर 46 प्रतिशत, ताईवान पर 32 प्रतिशत, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत, कम्बोडिया पर 49 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत और इसी प्रकार अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर भी अलग अलग दरों से टैरिफ लगाने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की है। कुछ उत्पादों जैसे, स्टील, एल्यूमिनियम, ऑटो, ताम्बा, फार्मा उत्पाद, सेमीकंडक्टर, एनर्जी, बुलीयन एवं अन्य महत्वपूर्ण मिनरल्स को अमेरिका में आयात पर टैरिफ के दायरे से बाहर रखा गया है। अब ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिका को पुनः विनिर्माण इकाईयों का हब बनाने के उद्देश्य से अमेरिका को पुनः महान बनाने का आह्वान किया है और इसी संदर्भ में विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर भारी मात्रा में टैरिफ लगाने का निर्णय लिया गया है ताकि अमेरिका में आयातित उत्पाद महंगे हों और अमेरिकी नागरिक अमेरिका में ही निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने की ओर प्रेरित हों। वर्तमान में बढ़े हुए टैरिफ का बोझ अमेरिकी नागरिकों को उठाना पड़ेगा और उन्हें अमेरिका में महंगे उत्पाद खरीदने होंगे, क्योंकि नई विनिर्माण इकाईयों की स्थापना में तो वक्त लग सकता है, विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन तुरंत तो बढ़ाया नहीं जा सकता अतः जब तक नई विनिर्माण इकाईयों की अमेरिका में स्थापना हो एवं इन विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन शुरू हो तब तक अमेरिकी नागरिकों को महंगे उत्पाद खरीदने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। इससे अमेरिका में एक बार पुनः मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न हो सकती है एवं ब्याज दरों के कम होने के चक्र में भी देरी होगी, बहुत सम्भव है कि मुद्रा स्फीति को कम करने की दृष्टि से एक बार पुनः कहीं ब्याज दरों के बढ़ने का चक्र प्रारम्भ न हो जाए। लम्बे समय में जब अमेरिका में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना हो जाएगी एवं इन इकाईयों में उत्पादन प्रारम्भ हो जाएगा तब जाकर कहीं मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाया जा सकेगा। विभिन्न देशों से आयातित उत्पादों पर टैरिफ सम्बंधी घोषणा के साथ ही, डॉलर पर दबाव पड़ना शुरू भी हो चुका है एवं अमेरिकी डॉलर इंडेक्स घटकर 102 के स्तर पर नीचे आ गया है जो कुछ समय पूर्व तक लगभग 106 के स्तर पर आ गया था। इसी प्रकार अमेरिका में सरकारी प्रतिभूतियों की 10 वर्ष की बांड यील्ड पर भी दबाव दिखाई दे रही है और यह घटकर 4.08 के स्तर पर नीचे आ गई है, यह कुछ समय पूर्व तक 4.70 के स्तर से भी ऊपर निकल गई थी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़नी प्रारम्भ हो गई है एवं यह पिछले चार माह के उच्चतम स्तर, लगभग 85 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर, पर आ गई है। ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी लिए गए निर्णयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर लम्बी अवधि में तो हो सकता है परंतु छोटी अवधि में तो निश्चित ही यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को विपरीत रूप से प्रभावित करते हुए दिखाई दे रहा है। अमेरिकी पूंजी बाजार (शेयर बाजार) केवल दो दिनों में ही लगभग 10 प्रतिशत तक नीचे गिर गया है और अमेरिकी निवेशकों को लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। इतनी भारी गिरावट तो वर्ष 2020 में कोविड महामारी के दौरान ही देखने को मिली थी। यदि यही स्थिति बनी रही तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था कहीं मंदी की चपेट में न आ जाय। यदि ऐसा होता है तो पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। अतः ट्रम्प प्रशासन का टैरिफ सम्बंधी उक्त निर्णय अति जोखिम भरा ही कहा जाएगा। जब पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी तो भारत की अर्थव्यवस्था पर भी कुछ तो विपरीत असर होगा ही। इस संदर्भ में किए गए विश्लेषण से यह तथ्य उभरकर सामने आ रहा है कि बहुत सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से आयातित वस्तुओं पर लगाए गए 26 प्रतिशत के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक विपरीत प्रभाव नहीं हो। क्योंकि, एक तो भारत से अमेरिका को निर्यात बहुत अधिक नहीं है। यह भारतीय सकल घरेलू उत्पाद का मात्र लगभग 3-4 प्रतिशत ही है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात पर निर्भर नहीं है एवं यह विभिन्न उत्पादों की आंतिरक मांग पर अधिक निर्भर है। भारत से सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 16 प्रतिशत (वस्तुएं एवं सेवा क्षेत्र मिलाकर) ही निर्यात किया जाता है। दूसरे, भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने कुछ उत्पादों को उक्त टैरिफ व्यवस्था से फिलहाल मुक्त रखा गया है, जैसे फार्मा उत्पाद, सेमीकंडक्टर, स्टील, अल्यूमिनियम, ऑटो, ताम्बा, बुलीयन, एनर्जी आदि। संभवतः इन उत्पादों के भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर कुछ भी असर नहीं होने जा रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# भारत ने विभिन्न देशों से मुक्त व्यापार समझौते करने में बढ़ाई दिलचस्पी, कारोबारियों को मिलेंगे ढेरों फायदे

**कमलेश पांडे**

उल्लेखनीय है कि मौजूदा वक्त में अमेरिकी व्यापार नीतियों के परिवर्तित स्वरूप को देखते हुए अन्य देशों ने भी भारत के साथ चल रहे व्यापार समझौतों को लेकर जारी वार्ता में तेजी लाने की इच्छा जताई है, जिसे भारतीय प्रशासन ने भी हरी झंडी दे दी है। भारत ने दो देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते करने में दिलचस्पी दिखाई है, ताकि उसके कारोबारियों को भी द्विपक्षीय व्यापार के फायदे मिल सकें। जानकारों का कहना है कि भारत अमेरिका समेत ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ओमान, कतर, न्यूजीलैंड, पेरू, श्रीलंका आदि देशों के साथ मुक्त व्यापार और द्विपक्षीय कारोबार समझौतों पर वार्ता कर रहा है, जो यदि सफल हुआ तो इससे हासिल नए बाजार में भारत के छोटे उद्योगों को लगभग डेढ़ दर्जन से ज्यादा करार मिलेंगे। समझा जाता है कि इससे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाये गए जवाबी आयात शुल्क भी बेअसर हो जाएंगे। इस बारे में आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि यदि लक्षित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को करने में भारत सफल हो जाता है तो न केवल सीमा शुल्क में कमी आएगी, बल्कि उन्हें खत्म भी किया जा सकता है। इससे वहां के बाजारों तक भारतीय मालों की पहुंच भी आसान हो जाएगी। इसके अलावा सम्बन्धित देशों के बीच व्यापार की गति तेज होगी और वहां होने वाले निवेश की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। साथ ही, बौद्धिक संपदा की रक्षा संभव हो सकेगी। विभिन्न सेवाओं का व्यापार भी बढ़ेगा। इससे जहां उन देशों के साथ लॉजिस्टिक लागत कम आएगी, वहीं छोटे व्यवसायों को बम्पर मौके मिलेंगे। यही वजह है कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए जवाबी टैरिफ यानी आयात शुल्क के बीच भारत ने दुनिया के बाकी देशों के साथ जारी व्यापार समझौतों की गति तेज कर दी है। बहरहाल भारत सरकार की कोशिश है कि न केवल अमेरिका के साथ द्विपक्षीय समझौता तेजी से पूरा हो, बल्कि यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, ब्रिटेन जैसे अन्य देशों के साथ भी मुक्त व्यापार (एफटीए) और द्विपक्षीय समझौतों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके दृष्टिगत भारत सरकार ने अपनी ओर से ततपरता बढ़ा दी है ताकि भारतीय मालों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 26 प्रतिशत आयात शुल्क (अमेरिकी रेसिप्रोकल टैक्स) का न्यूनतम असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़े। समझा जाता है कि भारत सरकार की इस विषयक सफलता से भारत के उद्यमियों को अन्य देशों के साथ मिलकर कारोबार करने का मौका मिलेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# नीति, दृढ़संकल्प व करिश्माई नेतृत्व के दम पर राजनीति के शिखर पर भारतीय जनता पार्टी

**दीपक कुमार त्यागी**

भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है। सबका साथ, सबका विकास की विचारधारा से ओतप्रोत हो सशक्त, सुदृढ़, समृद्ध, समर्थ, स्वावलम्बी एवं विश्वगुरु भारत के निर्माण के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से समर्पित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मना रही है, भाजपा के प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जिले, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की श्रृंखलाएं चलाई जा रही है, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की विचारधारा व केंद्र व भाजपा शासित राज्य सरकारों की नीतियों को लेकर के अधिक से अधिक लोगों के पास कैसे पहुंचा जाएं, देश व प्रदेशों का भाजपा नेतृत्व इसकी रणनीति निरंतर बना रहा है। वह अब भी यह देखकर संतुष्ट नहीं हैं कि उसने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर के इतिहास रचने का कार्य कर दिया है, आज भी भाजपा के नेता व कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी को ओर मजबूत करने में दिन-रात लगें हुए हैं, जो भाजपा संगठन की एक बहुत ही बड़ी खूबी है और उसको अन्य पार्टियों से अलग बनाती है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की इस मेहनत के इतिहास से भारत की राजनीति में रुचि रखने वाले लोगों को रूबरू अवश्य होना चाहिए। अस्सी के दशक में जनता पार्टी से अलग होकर के किस तरह से अटल बिहारी वाजपेयी व उनके अन्य सहयोगियों ने भारतीय जनता पार्टी का देश में विस्तार करने का एक सपना देखा था और उस सपने को उन सभी ने मिलकर के धरातल पर साकार करते हुए केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार का गठन करने वाले अहम मुकाम तक पहुंचाने का कार्य बखूबी से किया था।

> देश की आज़ादी के बाद कभी डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में शून्य से अपनी राजनीति की शुरुआत करने वाली जनसंघ से लेकर के जनता पार्टी तक का सफ़र करते हुए भाजपा की स्थापना और फिर उसको देश व दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने तक के कठिन सफ़र में भाजपा के लाखों करोड़ों निस्वार्थ भाव से लगे हुए संगठन शिल्पी नेताओं व कार्यकर्ताओं का बहुत ही अहम अनमोल योगदान रहा है, उन लोगों की त्याग, तपस्या, लगन, मेहनत, बलिदान से भाजपा आज इस मुकाम पर खड़ी है।



वहीं इस सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी ने आगे बढ़ाते हुए केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर देश में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों का एक-एक करके स्थाई समाधान करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए काम करना निरंतर जारी रखा हुआ है। भाजपा दशकों के बाद आज भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित ÷एकात्म-मानवदर्शन÷ को अपने वैचारिक दर्शन के सिद्धांतों पर पूरी तरह से अमल करती है। भाजपा का हमेशा अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर रहा है, जो देश व समाज के हित में पूरी तरह से उचित है। भाजपा ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की, पांच सिद्धांत राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति करना हैं। अपने सिद्धांतों के चलते ही स्थापना के समय से ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि उसके पास पार्टी व देशभक्ति की विचारधारा से ओतप्रोत राजनेताओं की एक लंबी जमात हमेशा रही है। पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, डॉक्टर मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, के. जना कृष्णामूर्ति, एम वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा के कार्यकाल का दौर निकट से देखा है और अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए भी देखा है, सभी का ÷राष्ट्र प्रथम÷ का ही उद्देश्य मुख्य रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक भी भाजपा को कभी किसी एक परिवार व व्यक्ति की बपौती नहीं बनने दिया है, पार्टी में आज भी आंतरिक लोकतंत्र जिंदा है। देश व दुनिया में भाजपा की पहचान एक ऐसे राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के रूप होती है, जिसका ध्येय देश में सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना है।

भाजपा ने एक राजनैतिक दल के रूप में शुरुआत से लेकर के आज तक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं जनहित के मुद्दों को बहुत ही दमदार ढंग से उठाते हुए, देश के आम जनमानस के बीच बेहद ही कम समय में अपनी एक सशक्त पहचान बनाने का कार्य किया है। साथ ही बीतते हुए समय के साथ भाजपा के कर्ताधर्ताओं ने अपनी चाणक्य नीति व कुशल-कारगर ठोस रणनीति के दम पर देश की राजनीति व लोकतंत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करते हुए बहुत सारे राज्यों व केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर देश की राजनीति को नए आयाम देने का कार्य करते हुए, देश के आम जनमानस के दिलो-दिमाग पर छा जाने का कार्य बखूबी किया है। भारत के राजनैतिक इतिहास को देखें तो यह स्पष्ट रूप से नज़र आता है कि वर्ष 2014 से देश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी का स्वर्णिम काल का दौर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने ना केवल तीसरी बार केंद्र की सत्ता पर कब्जा जमाने का काम किया है, बल्कि भाजपा के नाम देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का कीर्तिमान भी दर्ज हो गया है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा लगभग 11 करोड़ से अधिक सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। भाजपा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह की जोड़ी के करिश्माई नेतृत्व में आज एक ऐसा बेहद विशाल वट वृक्ष बन गई है, जिस पर भरोसा करते हुए देश की लगभग 50 से 60 फीसदी के करीब आबादी सकून से जीवन यापन कर रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8330

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| 8 | | 9 | | 10 | | 11 | | |
| | 12 | | 13 | | 14 | | 15 | |
| 16 | | 17 | | 18 | | 19 | | 20 |
| 21 | 22 | | 23 | | 24 | | 25 | |
| 26 | | 27 | | 28 | | 29 | | |
| | 30 | | 31 | | 32 | | 33 | |
| 34 | | 35 | | 36 | | 37 | | 38 |
| 39 | | | 40 | | | | 41 | |

### बाएँ से दाएँ

1. अधिकार-2
3. समुद्र, दरिया-3
6. आनंद, रस-2
8. दबाना, कुचलना-3
10. गुंडा, बदमाश-3
12. पासों से भविष्य जानना-3
14. नाप जोख करना-3
17. जलजला-3
19. असफल-3
21. मगन, रत-2
23. व्यक्ति, जीव-3
25. सम्राट, नरेश-2
26. कार्य करने वाला-3
28. उपनदी, कैनाल-3
30. मां का प्रेम-3
32. पढ़ना, अध्ययन-3
35. पक्षाघात, फालिज-3
37. सेनापति-3
39. दूल्हा, वरदान-2
40. पक्ष, एक ओर-3
41. भीगा हुआ

### ऊपर से नीचे

1. सीमा, सरहद-2
2. कटि, मध्यांग-3
4. दुख, कष्ट-2
5. गमन, विदा होना-3
7. शराब का प्याला-2
9. एक नमकीन लवण-3
11. आलेप करना-3
13. बोलने का तरीका-3
15. अयोग्य, बेकार-3
16. तहजीब, तमीज-3
18. रत्न, बहुमूल्य नग-3
20. व्यंग, परिहास-3
22. मुलायम, नाजुक-3
24. कॉफी-3
27. पंकज, नीरज, जलज-3
29. निर्माण-3
31. बल, दम, जोर-3
33. नेत्र, आंख-3
34. नौका-2
36. घात, प्रहार-2
38. जरा, थोड़ा-2


### शब्द पहेली -8329 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | द | न | | चा | त | क | | त |
| | र्श | | क | ल | | | र | वा |
| ता | न | | ह | | खा | लि | | स |
| क | | का | र | खा | ना | | | भ |
| त | री | का | | विं | | श | रा | रा |
| | मी | | अ | द | र | क | | ज |
| | से | ह | रा | | ह | | आ | न |
| जा | न | | ज | ही | न | | स | |
| म | | म | क | र | | स | न | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

8 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.07 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 07.47 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.46 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.59 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.15 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.27 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.38 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.52 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.08 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.14 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 03.00 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.33 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 98 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 21.14 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.55 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 18.10 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 08.33 बजे तदनन्तर विष्टि 21.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872308
**जूलियन दिन** 2460773.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 09
**विशेष** कामदा एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### भोपाल जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून तक प्रतिबंधित

**भोपाल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भोपाल कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल आभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है तथा जिले में निरन्तर भू-जल की गिरावट को दृष्टिगत संपूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर 30 जून 2025 तक प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश अनुसार सम्पूर्ण जिला भोपाल की राजस्व सीमाओं में नलकूप/बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी (सार्वजनिक सडकों से गुजरने वाली मशीनों को छोडकर) और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन करेगी। संबधित्त राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रुप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी अथवा नलकूप खनन / बोरिंग का प्रयास करेगी उक्त मशीनों को जप्त कर संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उनके क्षेत्रान्तर्गत इस निमित अपरिहार्य प्रकरणों के लिए व अन्य प्रयोजनों हेतु उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा देने के लिए प्राधिकृत किया जाता है। इस अधिसूचना का उल्लघन करने पर दो हजार रुपये के जुर्माने तथा दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है। शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किये जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा, तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्ययोजनांतर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा, इस हेतु उपरोक्तानुसार अनुज्ञा प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं होगा। नवीन खनित निजी नलकूप एवं अन्य विद्यमान निजि जल स्त्रोतों का आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेय जल व्यवस्था हेतु अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत अधिग्रहण किया जा सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा।

### विद्युत भार (लोड) स्वीकृत करवायें एवं जुर्माने से बचें

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनों निम्नदाब के गैर घरेलू और औद्योगिक (पॉवर) उपभोक्ताओं के परिसरों का व्यापक चैकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान उपभोक्ता परिसर में विद्युत भार (लोड) में वृद्धि के प्रकरण पकड़े जा रहे हैं। कंपनी द्वारा विद्युत भार की वृद्धि स्वेच्छा से कराने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक करने का भी अभियान इन दिनों चलाया जा रहा है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कंपनी के पोर्टल पर स्वेच्छिक ऑनलाइन आवेदन कर भार वृद्धि करा लें। बिजली कंपनी में नवीन कनेक्शन के लिए जब कोई व्यक्ति अधिकृत आवेदन देता है तो उसके परिसर में भार (लोड) की गणना कर भार निर्धारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में नया कनेक्शन देने के लिए बिजली कर्मचारी परिसर का लोड सर्वे करते हैं। यह भार (लोड) विद्युत प्रणाली में जोड़ा जाता है। इसलिए इसे संयोजित भार या कनेक्टेड लोड कहा जाता है। उपभोक्ता को बिजली कंपनी के साथ सहयोग कर भार की सही गणना कराना चाहिए ताकि विद्युत प्रणाली सुचारू रूप से संचालित की जा सके। उपभोक्ता द्वारा परिसर में कनेक्शन लेने के कुछ अन्तराल बाद कुछ नये विद्युत उपकरणों को स्थापित कर भार बढ़ा लिया जाता है। यह बढ़ा भार बिजली कंपनी के कार्यालय में यदि स्वीकृत नहीं कराया जाता है तो चैकिंग के दौरान भार वृद्धि का प्रकरण बन जाता है और उपभोक्ता को जुर्माना भरना पड़ता है।

### हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं फसल और घास की ढेरियां, बिजली कंपनी ने करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने किया आगाह

**भोपाल।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आम जनता तथा खेतों में काम करने वाले किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों और घास की ढेरियां हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। कंपनी ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपनी फसलों को रखें। कंपनी ने उपभोक?ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी तूफान में खंबे, तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912, उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। जमीन पर पड़े तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें। साथ ही पार करने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए।

---

**रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में हुए शामिल**

## शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए: शुक्ल

**विजय मत, भोपाल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण की फैक्ट्री होते हैं और शिक्षकगण इन संस्थाओं के कुशल कारीगर होते हैं। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर के उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का समग्र विकास होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल के तृतीय दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अपने ज्ञान का प्रयोग समाज के उत्थान में करें। केवल व्यक्तिगत सफलता ही नहीं, समाज और देश के विकास में भी भागीदारी आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि बड़े पद पर पहुँचने के बाद ही असली कार्य प्रारंभ होता है। अपने योगदान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे राष्ट्र के तीव्र विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश अधोसंरचना, आर्थिक समृद्धि, और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प को दोहराया और कहा कि 'स्किल, स्केल और स्पीड' के तीन स्तंभों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल



बिहारी वाजपेयी के कथन को उद्धत करते हुए कहा कि धरती से दौलत निकालनी होगी- इस विचारधारा को मूर्त रूप देते हुए 'नदी जोड़ो परियोजना' के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नव युग की शुरुआत हो रही है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज युवाओं के पास विकास के बहुत अवसर हैं। इन अवसरों का लाभ उठायें। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का सदुपयोग स्वयं, समाज, देश और विश्व के कल्याण के लिये करें। उन्होंने कहा कि समाज युवाओं की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है और युवाओं को इस भरोसे पर खरा उतरना होगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की दीक्षांत समारोह स्मारिका तथा ÷कंप्यूटर एक परिचय÷ पुस्तक के 41वें संस्करण का विमोचन भी किया। समारोह में रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे, कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे, इसरो के वरिष्ठ एयरोस्पेस वैज्ञानिक राधाकांत पाढ़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

**प्रदेश में खेलों के उन्नयन के लिये मंत्री सारंग ने ली सभी महापौरों की बैठक**

## नगरीय निकायों में खेल विभाग के सहयोग से कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा : सारंग

**विजय मत, भोपाल**

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में खेलों के उन्नयन के लिये प्रदेश के सभी महापौरों की बैठक ली। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में खेलों के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने, नगरीय निगम के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन सहित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों के पास पहले से मौजूद खेल मैदानों व अधोसंरचना का उन्नयन कर खेल गतिविधियों को गति दी जा सकती है। बैठक में नगरीय निकायों और खेल विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे राज्य भर में खेलों का व्यापक प्रसार और विकास सुनिश्चित किया जा सके।



### हर जिले में फिट इंडिया क्लब, हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा आधुनिक खेल परिसर

मंत्री सारंग ने बताया कि भोपाल में प्रदेश का पहला फिट इंडिया क्लब स्थापित किया गया है, जिसका द्वितीय चरण वर्तमान में निर्माणाधीन है। इसी मॉडल को अपनाते हुए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सर्वसुविधायुक्त फिट इंडिया क्लब स्थापित किए जाएंगे। इन क्लबों में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इन क्लबों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें। मंत्री सारंग ने कहा कि देश में पहली बार प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में खेल परिसरों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। यह पहल युवाओं को खेलों से जोड़ने, प्रतिभाओं को तराशने और खेल के प्रति सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### खेल विभाग के नवाचारों पर हुई चर्चा

बैठक में खेल विभाग द्वारा प्रारंभ किये गये नवाचार- "खेलो बढ़ो अभियान, पार्थ, मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान" पर भी चर्चा हुई। मंत्री सारंग ने कहा कि नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ने के लिये खेलो बढ़ो अभियान की शुरूआत की गई है। इसके साथ ही युवाओं को पुलिस, सेना व पैरा मिलिट्री की शारीरिक व लिखित परीक्षाओं की तैयारी के लिये पार्थ योजना प्रारंभ की गई है।

### नगरीय निकायों में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिये महापौरों ने दिये सुझाव

बैठक में उपस्थित महापौरों ने अपने नगरीय निकाय क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिये सुझाव भी दिये। भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता यादव, बुरहानपुर महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम सिंह अहके, मुरैना महापौर श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी, उज्जैन महापौर मुकेश टेटवाल, रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल, देवास महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सागर महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा, सिंगरौली श्रीमती रानी अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित खेल अधिकारी उपस्थित थे।

***खेल विभाग के सहयोग से नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को मिलेगा बढ़ावा...*** *मंत्री सारंग ने कहा कि नगरीय निकायों में कम्युनिटी स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से विभिन्न पहल की जा सकती हैं। इसमें फिट इंडिया क्लब की स्थापना तथा सामुदायिक स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन प्रमुख है। उन्होंने उपस्थित सभी महापौरों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खेलों के उन्नयन के लिये क्षेत्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें। इससे खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ एवं सक्रिय समाज के निर्माण की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा सकेंगे।*

---

## दुर्गेश केसवानी को साइबर क्राइम्स पर शोध के लिए मिली पीएचडी की डिग्री, स्वर्गीय पिता को की समर्पित



**विजय मत, भोपाल**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और समाजसेवी दुर्गेश केसवानी को सोशल मीडिया के संदर्भ में साइबर अपराधों पर किए गए शोध के लिए रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई है। उन्हें इस शोध कार्य के लिए साल 2021 में पीएचडी की उपाधि मिली थी। विश्वविद्यालय के लॉ विभागाध्यक्ष प्रो. नीलेश शर्मा के मार्गदर्शन में उन्होंने यह शोध कार्य पूरा किया था, आज उन्हें रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा तीसरे दीक्षांत समारोह में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में डिग्री प्रदान की गई।

उनका शोध विषय था: "A Critical Study of Cyber Crimes with Special Reference to Social Media in Central India"। इस विषय पर करीब 5 वर्षों तक गहन अनुसंधान करने के बाद उन्हें पीएचडी के साथ एचडी अवार्ड से भी नवाजा गया। इस सम्मान को विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अध्यक्ष संतोष कुमार चौबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। दुर्गेश केसवानी ने यह उपलब्धि अपने स्वर्गीय पिता निर्मल कुमार केसवानी जी को समर्पित करते हुए भावुकता व्यक्त की। उनका यह शोध कार्य मध्य भारत में साइबर अपराधों और सोशल मीडिया के प्रभाव पर प्रकाश डालने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जा रहा है।

---

**दो दिवसीय कार्यशाला का प्रमुख सचिव ने किया शुभारंभ**

## अधिकारियों को अपने अधिकारों की जानकारियां होना चाहिए: गुलशन

**विजय मत, भोपाल**

प्रमुख सचिव जनजाति गुलशन बामरा ने कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों के साथ अपने से वरिष्ठ अधिकारी के अधिकारों की भी जानकारियॉ होना चाहिए। प्रमुख सचिव बामरा सोमवार को प्रशासन अकादमी में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के 22 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 16 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। हमारी जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है, जब प्रदेश की कुल जनसंख्या के एक तिहाई से अधिक लोगों के विकास और उन्नति का दायित्व हमें सौंपा गया हो। इस अवसर पर आयुक्त श्रीमन शुक्ल एवं आयुक्त सुवंदना वैद्य भी उपस्थित थे।

संभागीय आयुक्त, सहायक आयुक्त एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य एवं अधिसूचना जाति कल्याण विभाग की दो दिवसीय प्रशिक्षण सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों के विभागीय प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिन प्रमुख सचिव बामरा ने अधिकारियों से उनके स्थापना संबंधी दैनंदिनी कार्य, जिसमें शासकीय सेवा में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशासन संबंधी कार्य जिसमें नियुक्ति, पदस्थापना, अनुकंपा नियुक्ति,गोपनीय चरित्रावली पेंशन प्रकरणों में आने वाली समस्याओं के निराकरण पर अधिकारियों से सवाल जबाव भी किए।

---

## सातवें पे कमीशन के अनुसार दिया जाएं महंगाई भत्ते का लाभ

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों को भत्तों का लाभ सातवें पे कमीशन के अनुसार दिया जाए। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के साढे सात लाख कर्मचारियों को यात्रा भत्ता, अव्यावसायिक भत्ता, यात्रा स्थाई भत्ता, गृह भाड़ा, पत्ता अनुग्रह भत्ता, दोहरा कार्य भत्ता, उच्च पद प्रभार भत्ता देने के आदेश जारी करें। लेकिन उक्त भत्तों का लाभ सातवें पे कमीशन के अनुसार नहीं दिया गया है। सातवें पे कमिशन में 10 प्रतिशत ज्यादा भत्तों का लाभ दिया गया है जबकि मप्र सरकार ने कर्मचारियों को 10 प्रतिशत कम भत्ते का लाभ दिया। वहीं राज्य सरकार ने तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ केंद्र के समान नहीं दिया है।

---

## राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 1530 अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण: कंषाना

**विजय मत, भोपाल**

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खेती की आधुनिक पद्धतियों, कृषि यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर दी जा रही है, जिससे कि वे क्षेत्र में जाकर किसानों को उनसे अवगत करा सकें। राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा वर्ष 2024-25 में 57 प्रशिक्षणों के द्वारा 1530 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मंत्री कंषाना ने कहा कि पिछले एक वर्ष में 30 विषयों पर प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इनमें सॉइल हेल्थ मैनेजमेंट, एग्रो फॉरेस्ट्री फॉर इंक्रीजिंग फार्मर्स इनकम, फार्म मैकेनाइजेशन, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट इन एग्रीकल्चर एंड हॉर्टिकल्चर क्रॉप्स, ऑर्गेनिक फार्मिंग एंड सर्टिफिकेशन इश्यूज एंड स्ट्रेटजीज, इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर फॉर क्वालिटी कंट्रोल एंड लीगल एस्पेक्ट्स, ओरिएंटेशन ऑन फ्लैगशिप स्कीम्स, ऑफिस मैनेजमेंट फॉर एग्रीकल्चर एंड एलाइड डिपार्मेंट (एग्जीक्यूटिव), ऑफिस मैनेजमेंट फॉर एग्रीकल्चर एंड एलाइड डिपार्टमेंट (मिनिस्टीरियल), मार्केट लेड एक्सटेंशन एंड मार्केट लिंकेज, लीडरशिप डेवलपमेंट एंड टीम बिल्डिंग, इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट, सस्टेनेबल लाइवस्टॉक एंड फोडर प्रोडक्शन, मिलेट्स प्रोडक्शन, रिसोर्स कंजर्वेशन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर, आईटी इन एग्रीकल्चर पर सुपरवाइजरी ऑफिसर्स, जीआई आईपीआर और डब्ल्यूटीओ, रिफ्रेशर ट्रेनिंग कम वर्कशॉप फॉर खरीफ क्रॉप्स, रिफ्रेशर ट्रेनिंग कम वर्कशॉप फॉर रबी क्रॉप्स, सॉइल ट्रेनिंग एंड न्यूट्रीशनल रिकमेंडेशन फॉर एग्रीकल्चर क्रॉप्स, जेंडर सेंसटाइजेशन एंड जेंडर बजटिंग, फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन एंड कंपनीज, मैनेजमेंट ऑफ मेजर पॉलिफेगस इंसेक्ट्स पेस्टस, आत्मनिर्भर भारत मिशन इन एग्रीकल्चर एंड एलाइड सेक्टर, स्वच्छता एक्शन प्लान, रेनफेड फार्मिंग, प्रेसीजन फार्मिंग एग्रीकल्चर, रिफ्रेशर ट्रेनिंग फॉर आत्मा फंशनरीज और रिफ्रेशर ट्रेनिंग फॉर फॉर्म मैनेजर विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

---

**खास-खबर** — **समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित**

## 1 मई से कलेक्टर कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली होगी लागू : कलेक्टर

**विजय मत, भोपाल**




कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी अपने कार्यालय को ई-ऑफिस सेटअप तैयार कर लें। एक मई 2025 से कलेक्टर कार्यालय द्वारा ई-ऑफिस के अंतर्गत कार्य संचालित किया जाएगा। कोई भी फाईल की हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोचिंग संस्थान, अस्पताल, होटल, पटाखों की दुकान एवं अन्य संस्थानों का फायर ऑडिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में समग्र आईडी को आधार से लिंक कराने के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व अभियान अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री आरओआर लिंकिंग के कार्य को शीघ्र अति? शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को अवैध माईनिंग एवं अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एडीएम को एसडीएम कोर्ट एवं एसडीएम को तहसीलदार कोर्ट का निरीक्षण करने आदेशित किया गया।

टीएल बैठक में कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त करते हुए 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा कर शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जनभागीदारी के माध्यम से जिले की नदी, तालाब, जल संरचनाओं का संरक्षण एवं संवर्धन को गंभीरतापूर्वक लेते हुए समस्त संबंधित विभागों की आगामी एक महीने का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिद्धार्थ जैन, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## अब नियमित होंगे 240 दिन सेवा पूर्ण करने वाले स्थाई कर्मी

**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान फैसला दिया है कि अब 240 दिन की सेवा पूर्ण करने वाले स्थाई कर्मी नियमित होंगे। दरअसल, सेवानिवृत्त वाहन चालक (स्थाई कर्मी) लोकनिर्माण विभाग, राजभवन सेक्शन के प्रकाश सपकाल ने इस संदर्भ में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए मप्र हाईकोर्ट ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन औद्योगिक अधिनियम 1947 के तहत नियुक्ति दिनांक से 240 दिन की सेवा पूर्ण करने के बाद वाले स्थाई कर्मी अब नियमित हो सकेंगे। न्यायालय ने अपने निर्णय में संबंधित विभाग को निर्णय लिए जाने के लिए अपने अधिकार की शक्ति का प्रयोग करते हुए 90 दिन के अंदर समस्त लाभ देते हुए नियमित किए जाने के निर्देश दिए है।

---

**प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि सक्सेना की पत्रकार वार्ता**

## दमोह में नकली डॉक्टर ने इलाज नहीं हत्या की है, सरकार तत्काल फर्जी डॉक्टर एवं अस्पताल के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करें और गिरफ्तारी करें: सक्सेना

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश के दमोह जिले में हाल ही में सामने आए फर्जी डॉक्टर मामले ने पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। एक फर्जी डॉक्टर, जो खुद को लंदन का प्रशिक्षित कार्डियोलॉजिस्ट बताकर मिशनरी अस्पताल में हार्ट सर्जरी कर रहा था, ने कम से कम 8 मरीजों की जान ले ली। इस त्रासदी ने न केवल स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर किया है, बल्कि बीजेपी सरकार की जनता की सेहत के प्रति उदासीनता को भी सामने लाया है। हम, मध्यप्रदेश की जागरुक जनता और सामाजिक संगठन, इस मामले में तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही की मांग करते हैं।

दमोह के मिशनरी अस्पताल में नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक शख्स ने डॉ. एनजॉन केम के नाम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की। उसने जनवरी-फरवरी 2025 में 15 से ज्यादा हार्ट सर्जरी कीं, जिनमें से 8 मरीजों की मौत हो चुकी है। जांच में पता चला कि उसकी डिग्री और अनुभव पूरी तरह फर्जी थे। अस्पताल प्रबंधन ने बिना किसी पृष्ठभूमि जांच के उसे मरीजों की जिंदगी सौंप दी. जो अपने आप में गंभीर लापरवाही का सबूत है। आरोपी के फरार होने से सवाल और गहरा गया है कि क्या प्रभावशाली लोग इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं ?

मध्यप्रदेश, जिसे कभी मध्य भारत का गौरव कहा जाता था, आज स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली के चलते कराह रहा है। बीजेपी सरकार के लंबे शासनकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था न सिर्फ चरमराई है, बल्कि यह जनता के लिए मौत का पर्याय बन गई है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### रामनवमीं पर किया भंडारे का आयोजन

शहडोल। शहर के बंटीं मित्र मंडल कि तरफ से हर वर्ष कि तरह रामनवमीं के अवसर पर राघुराज स्कूल गांधी चौक के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया बंटी मित्र मंडल के अध्यक्ष समाजसेवी सबी खान बंटी ने बताया कि मैं और मेरे साथी समाज में हिंदू मुस्लिम भाईचारे को आगे बढ़ाते हुए हर त्योहार पर ऐसा आयोजन करते हैं

हम सब देश और समाज को एकता और प्रेम का सन्देश पहुंचाना चाहते हैं। हम सब हमेशा समाज हित में आगे भी ऐसे कार्यक्रम करते रहेंगे।इस सफल आयोजन के लिए मैं आपने सभी भाईयों, नगरवासियों, पुलिस प्रशासन एवं मिडिया बंधुओं का आभार प्रकट करता हूं। कार्यक्रम में सेवा करने वाले सबी खान बंटी, शेख़ आबिद,मोहसिन खान, आशीष गोले,लकी कुशवाहा, निक्की चौधरी,सागर,दिपक,सैफ खान, शिवम् सरकार,गोलु, मुशरान खान सुरज पटकर, अमित गुप्ता, सचिन,राजा गोले, साजिद, राहुल सिंह, कृष्णा बर्मन,सोहन गुप्ता, ओम,गोल्डी,शिवम् शुक्ला, अखिल,रिषभ वर्मा,विवेक बर्मन, सुधांशु,मानया, सचिन यादव, सोहेल,अज़हर, शंकर गुप्ता शिवांशु गोले, अखिलेश सिंह, रोबिन प्रजापति,सैफ, अंकित पनिका,राजवीर गोले, कार्तिक प्रजापति उपस्थित रहे।

### अवैध कोयला खदानों को पर्यटकों एवं माइनिंग छात्रों को दिखाया जाना चाहिए :कैलाश

शहडोल। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश तिवारी ने मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन मंत्री एवं माइनिंग शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध किया है कि शहडोल जिले के बुढार जनपद क्षेत्र के अंतर्गत बटूरा ग्राम की सैकड़ोअवैध कोयला खदानों को पर्यटकों को दिखाने के लिए बांधवगढ़ द्रअमरकंटक यात्रा रूट में शामिल किया जाए ताकि पर्यटक यह देख सके की बिना तकनीकी सुविधाओं के भी किस ढंग से कोयला का खनन व्यापक पैमाने पर किया जाकर सैकड़ो स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकता है। कैलाश तिवारी ने कहा है कि माइनिंग इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को कोल इंडिया की बड़ी बड़ी खदानों के साथ-साथ इन छोटी-छोटी अवैध खदानों का भी फील्ड अनुभव पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए ताकि वह यह जान सके की इमरजेंसी में अगर इस प्रकार की खदानों में काम करना है तो अनुभव रह सके।वरिष्ठ समाजसेवी ने कहा है कि अवैध खदान रोकने के लिए मध्य प्रदेश शासन के द्वारा दिए गए समस्त विभाग भी होने के बावजूद भी इस प्रकार की अवैध खदानों का संचालन निश्चय ही एक अध्ययन एवं शोध का विषय है।

### सेल्फी लेकर दिया गया जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश




शहडोल। जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने एवं संरक्षण हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझाते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। जिसके तहत जिला पंचायत शहडोल में जल के सरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने हेतु सेल्फी पॉइंट बनाया गया है जिसमें आमजन सेल्फी लेकर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूरे जिले में गांव-गांव में लोगों में उत्साह नजर आ रहा है और सभी लोग श्रमदान कर जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करने के लिए तत्पर दिखाई देते हैं।

# वेतन बढ़ाने के नाम पर निजी स्कूलों में बच्चों की फीस वृद्धि नहीं होने दी जाएगी: कलेक्टर

## विजय मत से बातचीत करते हुए कलेक्टर ने कहा=बेहतर सुविधाएं यदि बढ़ाई जा रही है तो फीस वृद्धि में विचार किया जा सकता है

**विजय मत, शहडोल।**

विजय मत से बातचीत करते हुए जिले के लोकप्रिय एवं संवेदनशील कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने कहा है कि प्राइवेट स्कूलों में मनमानी ढंग से बच्चों की फीस वृद्धि नहीं करने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों या स्टाफ की वेतन वृद्धि के नाम पर स्कूल संचालक बच्चों की फीस वृद्धि यदि करना चाहते हैं तो इसे किसी भी हालत में मंजूरी नहीं दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यदि लाइब्रेरी अच्छी क्लासेस एवं अन्य बेहतर सुविधाएं आप बढ़ा रहे हैं तो बच्चों की फीस वृद्धि के मुद्दे परअभिभावकों से विचार विमर्श करने के बाद विचार किया जा सकता है।

एक प्रश्न के उत्तर में कलेक्टर केदार सिंह ने कहा कि 10त्न फीस वृद्धि का नियम है लेकिन इससे ज्यादा फीस वृद्धि की अनुमति आमतौर पर नहीं दी जा सकती है। क्योंकि हो सकता है कि अभिभावक फीस वृद्धि का भार वह न कर पाए । उन्होनें कहा कि स्कूल संचालक फीस वृद्धि के नाम पर अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव न बनाए।



### महंगाई की मार से गरीब और मध्यम वर्ग वैसे भी है परेशान

महंगाई की मार से गरीब और मध्यम वर्ग अपने परिवार का खर्च चलाने में पहले से परेशान दिखाई देता है और ऊपर से प्राइवेट स्कूलों में महंगी किताबें महंगी कॉपियां पेन पेंसिल बस्ता महंगी ड्रेस जूते मोजे कमर सहन करने में अभिभावकों को पहले से पसीना आ रहा है और हर साल स्कूलों में फीस वृद्धि कर दी जाती है जिससे उनके सामने आर्थिक संकट की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

### कलेक्टर के प्रयास की हो रही है प्रशंसा

अनेक अभिभावकों द्वारा संवेदनशील कलेक्टर के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा गया है कि अभी हाल ही में स्कूल संचालकों की बैठक में भी कलेक्टर द्वारा स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया है कि अनावश्यक बच्चों की फीस वृद्धि को अनुमति नहीं दी जाएगी।

# प्लास्टिक सामग्री के चलन से दम तोड़ रही बांस कारीगरी

## धार्मिक आयोजनों तक मांग सिमटी, शादी-विवाह से कम आ रही डिमांड से कारीगरों में निराशा



**विजय मत, शहडोल।**

प्लास्टिक का उपयोग जहां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, वहीं पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक माना जाता है। यही नहीं प्लास्टिक के बढ़ते चलन से कई परंपरागत छोटे कुटीर धंधों से जुड़े लोगों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है, कुछ इसी तरह के हालातों का सामना बांस से टोकनी, हाथ पंखे, सूपा सहित अन्य इस तरह के सामान तैयार करने वालों को करना पड़ रहा है। यही कारण है कि लगातार इस परंपरागत व्यवसाय से जुड़े लोगों की संख्या घटती जा रही है।

### लगातार हो रही ग्राहकी में कमी

पूर्व में शहर में बांस से बनाई जाने वाली हस्तनिर्मित चीजों की बड़ी संख्या में दुकानें लगती थी लेकिन धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती दिखाई दे रही है। इससे जुड़े कुछ व्यापारियों ने बताया कि लगातार ग्राहकी कम हो रही है। तीज त्यौहारों में परंपराओं का निर्वहन करने वाले लोगों द्वारा ही उनकी सामग्रियों की खरीदी की जाती है।

### विकल्प के रूप में बिकने लगी प्लास्टिक की सामग्री

व्यापारियों ने बताया कि इसके लिए प्लास्टिक से बनी सामग्री भी जिम्मेदार है, आज बाजार में प्लास्टिक के सूपे, प्लास्टिक की टोकनियां सहित बांस से बनने वाली अन्य लगभग सभी सामग्रियों के विकल्प के रूप में प्लास्टिक की सामग्री बिकने लगी हैं। इस तरह समय की तेज रफ्तार और आधुनिकता की दौड़ में जिले की पारंपरिक कारीगरी हाशिए पर जाती दिखाई दे रही है।




### अवैध शराब की धर पकड़

शहडोल। थाना खैरहा क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम छिरहटी में दबिश देकर आरोपी राम कुशल साहू पिता भूखन साहू उम्र 64 वर्ष निवासी छिरहटी के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रु. की मौके पर जप्त की गई। थाना ब्यौहारी क्षेत्रांतर्गत दिनांक 06.04.25 को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम कल्हारी में दबिश देकर आरोपी कुलदीप साहू पिता रामबहोर साहू उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कल्हारी के कब्जे से 26 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 16,650रु. की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### ट्रक सहित 23 नग मवेशी जब्त





### गोहपारू पुलिस द्वारा की गई पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही

**विजय मत, शहडोल।**

थाना गोहपारू पुलिस ने कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3047 में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक लोड कर जैतपुर से गोहपारू होकर उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम बरेली तिराहा पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। उक्त ट्रक चुहिरी तरफ से आते दिखा। जिसे रोकवाने पर वाहन चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर 03 नग भैंस एवं 20 नग पड़ा बरामद हुआ। जिसे जप्त कर पुलिस सुरक्षार्थ कर अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस, पशु क्रूरता अधि० एवं मप्र कृषक पशु परिरक्षण अधि० के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में सउनि शिवराज सिंह, आरक्षक दिनेश चौहान, मोनू शर्मा एवं सतीश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्राकट्य पर्व का किया गया आयोजन

## विराट नगरी में गूंजा 'जय श्रीराम' जय श्रीराम



शहडोल । विराट नगरी श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर जय श्रीराम जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। श्रीराम नवमीं के पावन अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल श्रीराम जानकी मंदिर प्रागंण में संस्कृति विभाग द्वारा प्राकट्य पर्व का आयोजन किया गया। प्राकट्य पर्व का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राकट्य पर्व के अवसर पर भवानी दास अहिरवार एवं साथी, जबलपुर द्वारा बुन्देली लोकगायन,सुश्री अमिता खरे एवं साथी, भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका राम प्रसंग तथा दीन भवत अखिलेश राजा एवं ग्रुप, जबलपुर द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम एवं समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, समाजसेवी रवि गुप्ता, श्रीमती सत्यभाभा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी समाजसेवी एवं काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय एवं श्रीमती विनय मिश्रा ने किया।



### रंगोली बनाकर बताया गया जल का महत्व

शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल का महत्व बताने के लिए जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत बरकोडा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद के बीएसडब्ल्यू की छात्रा पार्वती साहू ने रंगोली बनाकर जल का महत्व बताया। रंगोली में जल है तो कल, जल ही जीवन है जैसे अन्य स्लोगन प्रदर्शित किये गए।

# बालिका क्रिकेट के 18 वर्ष आयु वर्ग का मैच इंदौर और उज्जैन के बीच हुआ



**विजय मत, शहडोल।**

मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन शहडोल के तत्वाधान में आयोजित बालिका 18 वर्ष का फाइनल मुकाबला 7 अप्रैल 2025 को खेला गया या मुकाबला मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के ग्राउंड शहडोल में इंदौर और उज्जैन के मध्य प्रातः 9.00 बजे से खेला गया इस प्रतियोगिता में पहले टॉस जीतकर इंदौर की टीम में बल्लेबाजी का निर्णय लिया 45-45 ओवर के इस मुकाबले में इंदौर ने 5 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाएं जिसमें आयुषी शुक्ला ने 68 रन एवं वैष्णवी व्यास ने 54 रन नाबार्ड की पारी खेली वहीं उज्जैन की तरफ से अमन मोहम्मद ने तीन विकेट हासिल किया जवाबी पारी खेलने उतरी उज्जैन की टीम निर्धारित 45 ओवरों में 130 रन जो विकेट गंवाकर बनाएं या मैच इंदौर में 58 रनों से जीतकर लगातार ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया इस मौके पर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से आए सिलेक्टर्स एवं आज के निर्णायक राकेश त्रिपाठी जी सुश्री रितिका बोले थर्ड अंपायर सचिन पराशर इस्कोर संदीप सतनामी एवं पवन जिलानी रहे साथ ही संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुनील खरे की उपाध्यक्ष धीरेश दीक्षित जी मेवालाल पांडे, दुष्यंत सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, के श्रीवास्तव, गोपाल रत्नम, पीएन सिंह, अरुण उपाध्याय, निलेश निगम एवं दोनों ही टीम के कोच मैनेजर मौजूद रहे।

**एक्स-रे**

## जिला अस्पताल में अब 24 घंटे एक्स-रे सुविधा, फिर भी करना पड़ रहा इंतजार, सिर्फ एक डिजिटल,

# पुरानी मशीनों से पांच मिनट की जगह लग रहे एक घंटे

**विजय मत, शहडोल।**

जिला अस्पताल में एक्स-रे सुविधाओं के बढ़ते दबाव के बीच, जहां एक ओर डिजिटल एक्स-रे मशीन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है, वहीं पुरानी मशीनों की क्षमता व खराब स्थिति ने अस्पताल प्रशासन के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी है। जिला अस्पताल में इस समय कुल पांच एक्स-रे मशीनें है, जिनमें से एक डिजिटल है और बाकी चार पुरानी है। इन पुरानी मशीनों में से दो पूरी तरह से कंडम हो चुकी है, जबकि बाकी मशीनों से रिपोर्ट तैयार होने में एक घंटा लग जाता है, डिजिटल एक्स-रे मशीन से रिपोर्ट पांच मिनट में तैयार हो जाती है।

### एक दिन में लगभग 200 मरीजों की जांच

डिजिटल एक्स-रे मशीन की सुविधा के चलते एक दिन में लगभग 200 मरीजों की जांच हो रही है। पहले मरीजों को डिजिटल एक्स-रे के लिए प्राइवेट क्लिनिक पर जाना पड़ता था, जो महंगा होता था। लेकिन अब जिला अस्पताल में यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय मरीजों को खासा लाभ हो रहा है।




### मरीजों को एक ही बार में सही रिपोर्ट

रेडियोग्राफर ने बताया, डिजिटल एक्स-रे की सुविधा से अब मरीजों को ज्यादा परेशानी नहीं होती है, क्योंकि यहां यह सेवा निःशुल्क है और इससे फिल्म की भी बचत हो रही है। साथ ही, मरीजों को एक ही बार में सही रिपोर्ट मिल जाती है।

### एक और डिजिटल मशीन की जरूरत

रेडियोग्राफरों का कहना है कि डिजिटल एक्स-रे मशीन पर लोड अधिक पड़ रहा है, जिसके कारण मरीजों की जांच में देरी हो रही है। इस वजह से अस्पताल में भीड़ बढ़ने लगी है और मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। अस्पताल प्रशासन और रेडियोग्राफरों का यह मानना है कि एक और डिजिटल एक्स-रे मशीन स्थापित की जाए, ताकि मरीजों की जांच का समय कम किया जा सके और उनकी सुविधा में सुधार हो सके।

### मशीन खराब होने से एक सप्ताह रही थी परेशानी

अस्पताल में मौजूदा चार पुरानी एक्स-रे मशीनों में से दो पूरी तरह से कंडम हो चुकी है, जबकि बाकी मशीनों का इस्तेमाल जारी है। सिविल सर्जन को इन पुरानी मशीनों को बदलने के लिए पत्र भेजा गया है, ताकि मरीजों को बेहतर सेवा मिल सके। पिछले महीने जब डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब हो गई थी, तो अस्पताल प्रशासन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था, क्योंकि लगभग एक सप्ताह तक मशीन की मरम्मत नहीं हो पाई थी। इसके मशीन को ठीक किया गया था, जिससे मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा।




### राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने विवि में हुई परिचर्चा

**विजय मत, शहडोल।**

पंडित एस.एन. शुक्ला विश्वविद्यालय में आज 07 अप्रैल 2025 को आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम 2025 पर परिचर्चा का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर के निर्देशन में विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्ष विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता सराफ द्वारा परिचर्चा में कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य पुराने कानून को समाप्त कर एक संगठित और कड़े आप्रवासन तंत्र को स्थापित करना है जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। एल एल.एम.चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दिव्या चतुर्वेदी ने उक्त अधिनियम का परिचय देते हुए कहा कि हर विदेशी नागरिक का भारत में आने के बाद पंजीयन आवश्यक है, एल एल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र दीपक तिवारी उक्त अधिनियम के महत्व एवं आज के समय में इसकी प्रासंगिकता पर अपनी बात रखी और कहा कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को बल मिलेगा इसमें पुराने अधिनियमों को समेकित कर एक आधुनिक विधि बनाने का प्रयास किया गया है जो समय की मांग पूरी करती है 7 एल एल. एम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्रा शुभी सिंह द्वारा उक्त नवीन अधिनियम के अपराध एवं शास्ति के प्रावधानों पर प्रकाश डाला और यह बताया कि यह किस प्रकार पुराने अधिनियमो से बेहतर है।

# धोनी बोले-आईपीएल से संन्यास का फैसला फिटनेस के आधार पर करुंगा

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि अभी वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से संन्यास नहीं ले रहे और इस मामले में कोई भी फैसला अपनी फिटनेस के आधार पर करेंगे। धोनी ने कहा कि वर्तमान सत्र के बाद अपनी फिटनेस का आंकलन करने के बाद ही वह अगले सत्र में खेलने पर कोई फैसला करेंगे। वहीं आईपीएल से संन्यास के बारे में पूछे गए सवाल पर धोनी ने कहा कि मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं और इसी पर ध्यान दे रहा हूं।



मैं अभी 43 साल का हूं और एक बार में एक साल तक की ही बात कर सकता हूं। जब यह सत्र खत्म होगा, तब तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा। इसलिए, मेरे पास यह तय करने के लिए अभी करीब 10 महीने हैं कि मैं अगले साल खेल सकता हूं या नहीं।

उन्होंने कहा कि ये मेरे चाहने या न चाहते की जगह फैसला इस पर आधारित होगा कि मेरा शरीर क्या चाहता है। यह शरीर है जो आपके लिए फैसले लेता है। मैं खेल जारी रख सकता हूं या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैं शारीरिक रूप से कैसा महसूस करता हूं। अभ मैं इस बात पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहा हूं कि इस सत्र में क्या करना होगा। वहीं इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और वह बल्लेबाजी में भी निचले क्रम पर उतरे।

धोनी ने कहा कि खेल में मिली सफलता कड़ी मेहनत और अनगिनत व्यक्तियों के समर्थन का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के दिनों से ही मेरे माता-पिता, मेरे खेल शिक्षक और वे लोग जिनके साथ मैंने अपने शुरुआती मैच खेले, सभी ने इसमें भूमिका निभाई। यहां तक कि टेनिस-बॉल क्रिकेट ने भी मुझे कई चीजें सिखाईं, हालांकि इसमें भी कुछ अजीब चीजें भी हैं। उन्होंने कहा कि असफलताएं खेल का हिस्सा हैं पर जो मायने रखता है वह वापसी करने की क्षमता है। धोनी ने कहा कि जीवन में कोई बड़ा या छोटा अवसर नहीं होता। सभी मायने रखते हैं। मैं कई लोगों का आभारी हूं। कुछ को तो यह भी नहीं पता होगा कि मैं उनका आभारी हूं।

## चीख-चीखकर कहा



लंदन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए प्रतियोगी।

## आईपीएल के इस सत्र में अब तक फ्लाप रहे हैं ऋषभ




**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत अभी तक इस सत्र में फ्लाप रहे हैं। ऋषभ ने अब तक खेले चार मैचों में केवल 19 रन बनाये हैं। ऋषभ से जहां प्रशंसकों को चौके और छक्कों की उम्मीद थी। वहीं वह अब तक के मैचों में एक ही छक्का लगा पाये हैं। इससे प्रशंसकों में निराशा है। बल्लेबाजी के अलावा कप्तानी में भी वह विफल रहे हैं। इसी कारण सुपरजायंट्स को अब तक चार में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जिससे वह अंक तालिक में पहले पांच में भी नहीं हैं। ऐसे में ऋषभ अब सबसे निशाने पर हैं। सुपर जायंट्स ने उन्हें नीलामी में 27 करोड़ में खरीदा और टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी भी सौंपी पर । पर वह असफल रहे। इस बल्लेबाज ने पिछले चार मैचों में कुल 19 रन बनाए हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 15 रन रहा है। उन्होंने ने अब तक चार मैचों में कुल 32 गेंदों का सामना किया। इस दौरान वह एक ही छक्का लगा पाये हैं। आंकड़ों से आप पंत की बल्लेबाजी को समझिए।

# सीएसके पर जीत के इरादे से उतरेगी पंजाब

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब ने इस सत्र में शुरुआती दोनो ही मैच जीते थे पर तीसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि इससे टीम के खिलाड़ियों को जाग जाना चाहिये। इससे माना जा रहा है कि इस मैच में पंजाब जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिल सकता है। श्रेयस अच्छे फार्म में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। उसके बल्लेबाज जमकर रन बना रहे हैं। इसके अलावा उसके गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। टीम के पास ग्लेन मैक्सवैल जैसा ऑलराउंर है।

इस प्रकार देखा जाये तो पंजाब का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे अब तक एक ही मैच में जीत मिली है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी भी अब पहले जैसे फिनिशर नहीं रहे हैं और इसका नुकसान टीम को उठाना पड़ रहा है। इसी कारण टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए लगातार तीन मैचों में हारी है।

### शाम 7:30 बजे शुरू होगा मैच




सीएकसके की टीम को सही संयोजन भी तलाशना होगा। सीएसके के पास अब लक्ष्य का पीछा करते हुए निचले क्रम पर फिनिशर के तौर पर केवल शिवम दुबे ही बचे हैं। ऐसे में विपक्षी टीम अगर 180 से अधिक रन बना लेती है तो सीएसके लिए उसका पीछा करना भी कठिन हो जाता है। इसका कारण है कि शिवम आक्रामक बल्लेबाजी तो करते हैं पर वह कई मैचों में असफल भी रहे हैं।

धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स की परेशानी इसलिए भी बढ़ी है क्योंकि उसका शीर्ष क्रम रन नहीं बना पा रहा है। इसी कारण कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की जगह मध्यक्रम में उतरना पड़ रहा है। पंजाब किंग्स से मुकाबला इसलिए भी मुश्किल हैं क्योंकि पंजाब के पास स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जिनका समाना करना सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होगा।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं टीमें

**चेन्नई सुपरकिंग्स**-रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

**पंजाब किंग्स**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

# क्लार्क ने यशस्वी और सैमसन की जोड़ी को शानदार बताया

**मुम्बई, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने आइपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी की जमकर प्रशंसा की है। क्लार्क ने कहा है कि ये दोनो किसी भी मैच को पलट सकते हैं। क्लार्क ने कहा, 'जायसवाल शुरुआती मैच में असफल होने के कारण पंजाब के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स लगाने से उनका मनोबल बढ़ा जिससे टीम तेजी से आगे बढ़ी। वह मैदान के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह शुरुआत में संयम से खेले और कुछ गेंदें और पहले ओवर में जमीनी शॉट लगाये तो विरोधी टीम के लिए काफी मुश्किलें पैदा कर सकता है।

उन्होने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स पहले से अलग टीम नजर आयी है।



उसकी सलामी जोड़ी विस्फोटक है। उसके बल्लेबाज काफी अच्छे हैं। वहीं भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने युवा रियान पराग की जमकर प्रशंसा की ओर कहा, 'मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए पंजाब के खिलाफ मैच में रियान पराग की पारी काफी अहम थी। ये सही है कि उन्हें यशस्वी ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी पर बाद में पराग ने स्कोर आगे बढ़ाया। वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि धीमी शुरुआत की भरपाई किस प्रकार की जा सकती है। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज़्यादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को काफी अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। इसके बाद रही सही कसर गेंदबाजी में तीन विकेट लेकर जोफ्रा आर्चर ने पूरी कर दी।



# बाजार में कोहराम के बीच सोने-चांदी ने दिखाई चमक

- सोने का भाव 88,350 के करीब, चांदी लगभग 88,900 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश के सराफा बाजार में सोमवार को सोने-चांदी के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार में चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले, जबकि सोने के भाव हल्की गिरावट के साथ खुलने के बाद चढ़ गए। सोने के वायदा भाव 88,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 88,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी के भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 75 रुपये की गिरावट के साथ 88,000 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 88,075 रुपये था। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 91,423 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 1,627 रुपये की तेजी के साथ 88,884 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 87,211 रुपये था। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,055.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,035.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 10.90 डॉलर की तेजी के साथ 3,046.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.23 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.23 डॉलर था। इस समय यह 0.98 डॉलर की तेजी के साथ 30.21 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## माइक्रोडेटाः एमओएसपीआई का नया अभियान

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने विप्लवात्मक प्रौद्योगिकी के साथ नई माइक्रोडेटा मंच की शुरुआत की है। इस मंच का उद्देश्य सार्वजनिक आंकड़ों को सुविधाजनक और दृढ़ ढंग से पहुंचाना है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि नया मंच राष्ट्रीय सर्वेक्षणों और आर्थिक जानकारी से एकत्रित व्यापक सांख्यिकीय आंकड़ों के लिए एक केंद्रीकृत भंडार के रूप में काम करेगा। यह मंच पिछले सिस्टम के तकनीकी कड़ीयों को सुधारकर उपयोगकर्ताओं का अनुभव बेहतर बनाएगा। विश्व बैंक के प्रौद्योगिकी दल के सहयोग से, यह प्रणाली नए सुरक्षा मानकों का पालन करने के साथ ही उत्तरदायित्वपूर्ण तंत्र को भी समर्थित करेगी। मंत्रालय ने कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग का प्रमाण (पीओसी) भी पेश किया है, जो राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के उपयोग को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही, राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी की वेबसाइट भी लॉन्च की गई है।

# सेंसेक्स 3939 अंक गिरकर 1712 अंक संभला 73,137 पर बंद हुआ, निफ्टी 3.24 प्रतिशत गिरा

### एशियाई बाजारों में 10 प्रतिशत तक गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में आज यानी सोमवार 7 अप्रैल को साल की दूसरी बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 2226 अंक (2.95 प्रतिशत) गिरकर 73,137 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 742 अंक (3.24 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 22,161 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले 4 जून 2024 को बाजार 5.74 प्रतिशत गिरा था।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में गिरावट रही। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर में 7 प्रतिशत तक गिरावट रही। जोमैटो का शेयर 0.17 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी मेटल सबसे ज्यादा 6.75 प्रतिशत गिरा। रियल्टी में 5.69 प्रतिशत गिरावट रही। ऑटो, फार्मा, सरकारी बैंक, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर 4 प्रतिशत नीचे बंद हुए।

2 अप्रैल से अब तक कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) के दाम 12.11 प्रतिशत घट चुके हैं। वहीं आज ब्रेंट क्रूड 4 प्रतिशत टूटकर 64 डॉलर के नीचे फिसल चुका है। ये बीते



4 साल का निचला स्तर है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी BSE का मिडकैप इंडेक्स 1,850 पॉइंट या 4.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,630 के स्तर पर आ गया है। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 42,999.82 2,860 पॉइंट या 6.20 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा है।

शेयर बाजार में बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ करीब 15 लाख करोड़ रुपए घट गई है। शुक्रवार, 4 अप्रैल को BSE पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 404 लाख करोड़ रुपए था जो आज सोमवार बाजार बंद होने के बाद लगभग 389 लाख करोड़ रुपए रह गया है। सेंसेक्स 4 अप्रैल को 930 अंक (1.22 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 75,364 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 345 अंक (1.49 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 22,904 के स्तर पर बंद हुआ। NSE सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मेटल इंडेक्स करीब 6.56 प्रतिशत टूटा। फार्मा, रियल्टी और IT इंडेक्स में करीब 4 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑटो, मीडिया इंडेक्स में करीब 3 प्रतिशत की गिरावट रही।

### बाजार में गिरावट प्रमुख कारण

**ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ**-अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत के अलावा चीन पर 34 प्रतिशत, यूरोपीय यूनियन पर 20 प्रतिशत, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत, जापान पर 24 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत और ताइवान पर 32 प्रतिशत टैरिफ लगेगा।

**चीन ने जवाबी 34 प्रतिशत टैरिफ लगाया**-चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34 प्रतिशत जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। 3 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था। इसमें चीन पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया था। अब चीन ने उतना ही टैरिफ अमेरिका पर लगा दिया है।

**इकोनॉमिक स्लोडाउन की चिंता**-टैरिफ से सामान महंगा होने पर लोग कम खरीदारी करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो सकती है। साथ ही, मांग कम होने से कच्चे तेल की कीमतें भी गिरी हैं। ये कमजोर इकोनॉमिक एक्टिविटी का संकेत है। इससे निवेशकों का भरोसा डगमगाया है।

### बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रहा

# भारत में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री में छह प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में वित्त वर्ष 2024-25 में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 2,61,43,943 इकाई हो गई है। यह जानकारी वाहन डीलरों के एक संगठन ने सोमवार को जारी एक बयान में दी। बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेहतर रहा। वाहन डीलरों के संगठन के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई है। ग्रामीण बाजारों में दोपहिया वाहनों की बिक्री में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो शहरी क्षेत्रों से अधिक है। इसके साथ ही तिपहिया वाहनों की ग्रामीण बिक्री में नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वाइन डीलर संगठन के अध्यक्ष ने बयान में बताया कि मोटर वाहनों के खुदरा क्षेत्र में मजबूती देखने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 सरकार के लिए एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। वाहनों की बिक्री में ग्रामीण क्षेत्रों में और बढ़ोतरी होने की खबर भविष्य में स्थिरता की ओर इशारा कर सकती है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 ने वास्तव में दिखाया कि भारत का मोटर वाहन खुदरा क्षेत्र कितना लचीला हो सकता है, इस वर्ष मुख्य आकर्षण ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन रहा। दोपहिया वाहनों के क्षेत्र में ग्रामीण बाजारों में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो शहरी क्षेत्रों की वृद्धि से काफी अधिक है। यात्री वाहन क्षेत्र में ग्रामीण बिक्री वृद्धि आठ प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्रों में यह तीन प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष में तिपहिया वाहनों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 12,20,981 इकाई हो गई। वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में तिपहिया वाहनों की ग्रामीण बिक्री में नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि शहरों में बिक्री में कोई वृद्धि नहीं हुई। पिछले वित्त वर्ष में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री मामूली घटकर 10,08,623 इकाई रह गई।

## हीरो मोटोकॉर्प की नई बाइक करिज्मा 250 जल्द होगी लांच

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प की नई बाइक करिज्मा 250 जल्द लांच होने वाली है। जानकारी के मुताबिक, कंपनी आने वाले हफ्तों में इसकी बुकिंग और डिलीवरी शुरू कर सकती है। इस बाइक को पहली बार 2024 में इटली के मिलान में हुए ईआईसीएमए मोटर शो में प्रदर्शित किया गया था और फिर जनवरी 2025 में भारत मोबिलिटी शो में इसे पेश किया गया। माना जा रहा है कि इस नई बाइक के लॉन्च के साथ हीरो मोटोकॉर्प अपनी मौजूदा करिज्मा एक्सएमआर 210 को बंद कर सकती है।

### ब्रेंट क्रूड का भाव करीब ढाई डॉलर टूटकर 63.33 डॉलर प्रति बैरल हुआ

# देश के कई राज्यों में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल, बिहार में बढ़े भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर से कच्चे तेल की कीमत में वैश्विक बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई है। इसका असर घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिखा और सोमवार को सरकारी तेल कंपनियों ने कई शहरों में तेल के दाम घटा दिए हैं। यूपी, हरियाणा सहित कई राज्यों में सोमवार को तेल सस्ता हुआ है, जबकि बिहार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों के




अनुसार, यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 11 पैसे सस्ता होकर 94.58 रुपये लीटर बिक रहा है. डीजल भी 13 पैसे गिरा और 87.68 रुपये लीटर पहुंच गया है. हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 21 पैसे गिरकर 94.96 रुपये और डीजल 20 पैसे टूटकर 87.82 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 51 पैसे बढ़त के साथ 106.11 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 49 पैसे महंगा होकर 92.92 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल में बड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब ढाई डॉलर टूटकर 63.33 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी बड़ी गिरावट के साथ 59.81 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

## न्यूज़ इन शॉर्ट

### उसलापुर स्टेशन की आरपीएफ चौकी को मिला थाने का दर्जा

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण स्टेशन उसलापुर की आरपीएफ चौकी को महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने थाने का दर्जा प्रदान किया है जो अप्रैल माह के प्रथम तिथि से लागू है। यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे संपत्तियों की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह चौकी पहले बिलासपुर पोस्ट के अंतर्गत कार्यरत थी। सीआईसी रेलखंड की ओर जाने वाली सभी यात्री गाडियों एवं मालगाडियों के उस्लापुर रेलवे स्टेशन से परिचालन किये जाने से रेल यात्री तथा रेलवे संम्पति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बडी चुनौती को देखते हुये प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, बिलासपुर द्वारा रेलवे सुरक्षा बल चौकी को थाने का दर्जा प्रदान किया गया है।

### आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में 1982 बच्चों का स्वर्णप्राशन

रायपुर बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर में शनिवार को 1982 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। यह बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव में बहुत लाभदायक और उपयोगी है। स्वर्णप्राशन के साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

### बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं दुर्ग की घटना के विरोध में कल प्रदेश भर में पुतला दहन

रायपुर। जिला मुख्यालय दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की संवेदनशील घटना को गंभीरता से लेते हुऐ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून व्यवस्था सहित गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग को लेकर दिनांक 8 अप्रैल 2025 को प्रदेश के समस्त जिला एवं शहर मुख्यालयों में प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निर्णय लिया है।

### मोबाईल, पर्स लूट करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तारकेश्वर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम



अभिषेक महेश्वरी के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में संपत्ति संबंधी अपराधों में लगाम लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत उरला पुलिस के द्वारा मोबाईल पर्स एवं अन्य सामग्री छीना झपटी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। जिसके कब्जे से 6 नग मोबाईल एवं एक मो.सा. कीमती लगभग 1,50,000 रुपए बरामद किया गया है।थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरोरा, उरला एवं अन्य क्षेत्र में मोबाईल, पर्स छीना झपटी की शिकायते मिल रही थी। 12 जुलाई जुलाई 2022 को मुखबीर की सूचना प्राप्त हुई कि मोबाईल व पर्स छीनने वाले लड़के वारदात की फिराक में बोरझारा के पास देखे गए है। मौके पर पंहुच कर उरला पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी की कार्यवाही करते हुये 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से अन्य वारदोतो में लूटपाट, चोरी किया गया 6 नग मोबाईल एवं वारदात के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला मो.सा. जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

---

**59.75 करोड़ रूपए के 22 कार्यों का शिलान्यास, 3.64 करोड़ रूपए की लागत के पांच कार्यों का लोकार्पण**

# सीएम साय ने जशपुर जिले में 63 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

**विजय मत रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को 63 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने जिला मुख्यालय जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में 59.75 करोड़ रुपये के 22 कार्यों का भूमिपूजन और 3.64 करोड़ रुपये के 5 कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें जय स्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण, छात्रावासों के निर्माण, सामुदायिक भवन, कम्पोस्ट सेंटर और आरआर सेंटर जैसी जनोपयोगी परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री द्वारा भूमिपूजन किए गए कार्यों में नगर पालिका परिषद, पुलिस विभाग, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल और पंचायत एवं ग्रामीण सड़क विकास विभाग से जुड़े 22 महत्वपूर्ण विकास कार्य सम्मिलित हैं। इनमें बीटी रोड, सीसी रोड, नालियों और स्टॉर्म वॉटर ड्रेन, सामुदायिक भवन, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, स्ट्रीट लाइट विस्तार, तालाब और पार्क उन्नयन, छात्रावास भवन और सड़क निर्माण कार्य प्रमुख हैं।कार्यक्रम में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।



**जय स्तंभ चौक सौन्दर्यीकरण और उन्नयन कार्य का लोकार्पण**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर के जय स्तंभ चौक में 23 लाख 86 हजार की लागत से कराये गए सौन्दर्यीकरण और उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया। भारत के स्वतंत्रता दिवस की यादगार के रूप में स्थापित जय स्तंभ चौक का उन्नयन कार्य किया गया है।

### सभी को प्रेरित करेगा जय स्तंभ चौक: साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जय स्तंभ चौक वर्षों तक आने वाली पीढ़ियों को हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग बलिदान और राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देता रहेगा, राष्ट्रसेवा हेतु सभी को प्रेरित करता रहेगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह परियोजनाएं जशपुर जिले के समग्र विकास और नागरिकों की सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगी। उन्होंने सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

---

### महंगाई से जूझ रही जनता पर मोदी सरकार का दोहरा प्रहार, गैस सिलेंडर महंगा, पेट्रोल, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ा

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों को जन विरोधी करार देते हुए कहा है कि मोदी निर्मित महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो चुकी है। आज एक बार फिर सरकार ने जनता पर महंगाई का दोहरा प्रहार किया है। एक तरफ जहां क्रूड ऑयल अंतरराष्ट्रीय मार्केट में ऐतिहासिक तौर पर न्यूनतम स्तर में आ गया है, दूसरी तरफ मोदी सरकार सेंट्रल एक्साइज में 2 रुपए की बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। पिछले 4 दिनों में अंतराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल 16 परसेंट घटा है लेकिन डीजल, पेट्रोल के दाम कम होने के बजाए बढ़ ही रहे हैं। अंतराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल 65 डॉलर प्रति बैरल के न्यूनतम रिकॉर्ड के आसपास है जो 2014 की तुलना में लगभग आधा है लेकिन इसका लाभ जनता को नहीं देकर केंद्र की मोदी सरकार और तेल कंपनियां अपने जेब में डाल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम में अचानक 50 रुपए की वृद्धि आम जनता के प्रति अन्याय है। उज्ज्वला योजना के नाम पर ढोल पीटने वाली मोदी सरकार ने गरीब जनता की आंखों में धूल झोंक रही है।

---

**छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त**

## छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा ने कार्य भार ग्रहण किया

**विजय मत रायपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बेसरा ने आज निगम के कार्यालय पहुंचकर कार्यभार किया गया। इस मौके पर विभागीय मंत्री जी श्री रामविचार नेताम द्वारा उन्हें पुच्छ गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के समय संसाधनों की कमी होने के कारण वंचित वर्ग के कल्याण में अनेकों समस्याएं आ रही थी, अब राज्य में अधोसंरचनात्मक रूप से बहुत विकास हो चुका है। अतः अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं का पूरा लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि नवनियुक्त अध्यक्ष के



नेतृत्व में अंत्यावसायी निगम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होगा।इस अवसर पर अध्यक्ष श्री बेसरा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंत्यावसायी निगम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से इस संबंध में शीघ्र एक कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि उसके आधार पर निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जा सके। उन्होंने अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं का पूरा लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उपसचिव श्रीमती लविना पाण्डेय, निगम की सचिव श्रीमती गायत्री नेताम, सहायक महाप्रबंधक श्री जय कपिल शाह, श्री नवीन शर्मा, श्री आदर्श साव सहित निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगार वर्गों को विभिन्न व्यवसायों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ तकनीकी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

---

## छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल विस्तार के कयास तेज, आखिरी दौर की बातचीत के बाद जारी होगी लिस्ट

**छत्तीसगढ़ आएंगे आएंगे संगठन मंत्री और प्रभारी**

**विजय मत रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार में नए मंत्रियों का ऐलान अब कभी-भी हो सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, नाम तय कर लिए गए हैं, सिर्फ घोषणा बाकी है। इससे पहले चुनावों और निगम-मंडल लिस्ट की वजह से ये ऐलान टलता रहा है।

भाजपा के संगठन मंत्री शिवप्रकाश सोमवार रात तक रायपुर पहुंचे। वहीं प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन आज रायपुर पहुंच सकते हैं। ये दोनों ही नेता संगठन की बैठक लेंगे। माना जा रहा है कि इसके बाद मंत्री के नामों का ऐलान हो सकता है।हालांकि, आधिकारिक तौर पर पार्टी की ओर से कहा गया है कि दोनों ही नेता भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की वजह से रायपुर आ रहे हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, संगठन और सरकार के बीच एक आखिरी दौर की बातचीत होगी। इसके बाद नामों की घोषणा हो जाएगी।

इसी माह नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण राजभवन में करवाए जाने की चर्चा है। हालांकि, मीडिया के बार-बार पूछे जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यही कहते रहे हैं, थोड़ा इंतजार करिए।

### 2 मंत्रियों की जगह खाली:

साय कैबिनेट का जब गठन हुआ तो मुख्यमंत्री सहित 12 मंत्री थे हैं। प्रदेश में 13 मंत्रियों को कैबिनेट में रखा जाता रहा है। तो पहले से ही एक खाली था। लोकसभा चुनाव के समय बृजमोहन अग्रवाल ने इस्तीफा दिया तो 11 मंत्री बचे। कुल मिलाकर 2 मंत्रियों की जगह साय कैबिनेट में इस वक्त खाली है।

### इन नामों की चर्चा तेज:

दो नए मंत्री के लिए राजनीतिक गलियारे में फिलहाल विधायक अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर और गजेंद्र यादव के नाम की काफी चर्चा है। हालांकि, बीजेपी इससे पहले मुख्यमंत्री या मंत्री चयन के मामले में चौकाती भी रही है।

---

## आईपीएस रजनेश सिंह को राहत : ईओडब्ल्यू की क्लोजर रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने खत्म की विभागीय जांच

रायपुर छत्तीसगढ़ में आईपीएस रजनेश सिंह के खिलाफ चल रही विभाग जांच को राज्य सरकार ने समाप्त कर दिया है। विभागीय जांच सशर्त समाप्त की गई है। राज्य सरकार ने रजनेश सिंह के आवेदन और ईओड्ब्ल्यू द्वारा कोर्ट में दिए गए क्लोजर रिपोर्ट के बाद यह निर्णय लिया है। कांग्रेस शासनकाल में रजनेश सिंह पर फोन टैपिंग से जुड़े दो केस दर्ज हुए थे। आईपीएस रजनेश सिंह वर्तमान में बिलासपुर के एसपी हैं। वहीं दूसरे अफसर का नाम मुकेश गुप्ता है, जो डीजी पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि आईपीएस रजनेश सिंह और मुकेश गुप्ता के खिलाफ वर्ष 2019 में भूपेश बघेल सरकार में एफआईआर दर्ज की गई थी। उस समय मुकेश गुप्ता डीजी गुप्तवार्ता के साथ ईओडब्ल्यू-एसीबी के भी डीजी थे। वहीं, रजनेश सिंह ईओडब्ल्यू और एसीबी के एसपी थे। इन दोनों अफसरों पर रमन सिंह की सरकार के कार्यकाल में सामने आए नान घोटाले में बिना अनुमति फोन टेप करने का आरोप लगा था। इसके साथ ही दस्तावेजों में हेराफेरी करने का आरोप भी लगा था। तत्कालीन सरकार ने दोनों अफसरों को निलंबित करने के साथ ही इनके खिलाफ गैर



जमानती धाराओं में एफआईआर भी दर्ज करा दी थी। उसी महीने की 30 तारीख को गुप्ता सेवानिवृत्त हो गए थे। वहीं आईपीएस रजनेश सिंह ने भी निलंबन आदेश को कैट में चुनौती दी थी। कैट ने उनके निलंबन को गलत ठहराते हुए बहाल करने का आदेश दिया था।

**कैट ने दिए थे बहाली के आदेश**

इस घटनाक्रम के बाद आईपीएस मुकेश गुप्ता करीब तीन साल तक सस्पेंड रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने सस्पेंशन आदेश को कैट में चुनौती दी थी।

जिसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर सितंबर 2022 में उनका निलंबन खत्म कर दिया गया था।

---

## छत्तीसगढ़ की महिलाओं को 'लखपति' बनाएगा आईबी ग्रुप

**रायपुर में शुरू हुआ देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव**

**विजय मत रायपुर**

आईबी ग्रुप छत्तीसगढ़ की महिलाओं को पोल्ट्री व्यवसाय से जोड़कर उन्हें लखपति बनाएगा। इसके लिए आईबी ग्रुप ने केन्द्र सरकार की लखपति दीदी योजना की तर्ज पर अस्मिता योजना शुरू करने का ऐलन किया है। इसकी जानकारी सोमवार को आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने मीडिया को दी। वे रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से मुखातिब थे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार को दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का शानदार शुभारंभ हुआ। यह आयोजन देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव माना जा रहा है, जिसमें देशभर के पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स हिस्सा



ले रहे हैं। आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक (एमडी) बहादुर अली और डायरेक्टर श्रीमती जोया आफरीन आलम ने रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कॉन्क्लेव न केवल पोल्ट्री उद्योग को नई दिशा देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ को देश का पहला प्रोटीन हब बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि एक पोल्ट्री फार्म की स्थापना से आसपास के 300 से 500 लोगों, इसमें पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं, को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। इसीलिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी सरपंचों से अपील की कि वे आईबी ग्रुप के साथ जुड़कर अपने गांवों में पोल्ट्री फार्म स्थापित करें, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

### कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था करेंगे

इसके अलावा, बहादुर अली ने पोल्ट्री से जुड़े कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनका भविष्य संवरेगा। आईबी ग्रुप, जो देश के पोल्ट्री व्यवसाय में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, छत्तीसगढ़ को प्रोटीन उत्पादन का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कॉन्क्लेव में इस दिशा में तकनीकी और व्यवसायिक विस्तार पर चर्चा होगी, जिसमें आधुनिक पोल्ट्री तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ को प्रोटीन हब राज्य बनाएंगेएक अन्य महत्वपूर्ण पहलू के तौर पर बहादुर अली ने मक्का खेती को बढ़ावा देने की बात कही।उन्होंने बताया कि आने वाले दशक में छत्तीसगढ़ के किसान धान के विकल्प के रूप में मक्के की खेती की ओर बढ़ सकते हैं। मक्का की खेती न केवल सुरक्षित और पानी की कम जरूरत वाली है,

---

## एमिटी यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह कल, 676 छात्रों को मिलेगी डिग्रियां

**रायपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का तीसरा दीक्षांत समारोह 9 अप्रैल को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर आयोजित किया जाएगा। यह भव्य समारोह विश्वविद्यालय के 2024 बैच के स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों को सम्मानित करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल रामेन डेका करेंगे। समारोह में एमिटी एजुकेशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान का औपचारिक संबोधन होगा। आरबीआईईएफ के अध्यक्ष और एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के चेयरमैन डॉ. असीम चौहान अपने प्रेरणादायक विचार साझा करेंगे, जबकि विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति सभा को संबोधित करेंगे एवं दीक्षांत समारोह की औपचारिक प्रक्रिया का संचालन करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए केएन किशोर ने बताया कि समारोह की रिपोर्ट कुलपति प्रो. (डॉ.) पीयूष कांत पांडे प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विषयों में 676 छात्रों को डिग्रियां और पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें बी.आर्क. (27), बीए (एप्लाइड साइकोलॉजी) (30), बीए (अर्थशास्त्र) (7), बीए (अंग्रेजी) (16), और बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) (20) शामिल हैं।

---

**खास-खबर** **पहला चरण आज से होगा प्रारंभ, तीन चरणों में आयोजित होगा सुशासन तिहार**

## सुशासन तिहार प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का बनेगा एक अहम मंच

**विजय मत रायपुर**

मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय की मंशानुरूप प्रदेश में सुशासन तिहार-2025 के आयोजन 08 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार-2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी कलेक्टरों की वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कबीरधाम जिले से कलेक्टर



गोपाल वर्मा वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में जुड़े रहे।कलेक्टर गोपाल वर्मा ने वीडियों कांफ्रेसिंग के बाद अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार-2025 की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से हम जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर वर्मा ने जिलेवासियों से अपील किया है कि वे इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें, ताकि सुशासन तिहार-2025 सफल हो सके और सुशासन की स्थापना की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित हो सके।

**आवेदन प्राप्ति और निराकरण**

बैठक में बताया गया कि आवेदन प्राप्त करना आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें।

### आवेदनों का निराकरण

सभी प्राप्त आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा और संबंधित जिला, जनपद, नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग, अधिकारी लगभग एक माह में इन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों को बजट की उपलब्धता के आधार पर निराकृत किया जाएगा। इन आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता का विश्लेषण जिला और राज्य स्तर पर किया जाएगा।

### समाधान शिविर का आयोजन

बैठक में बताया गया कि 05 मई से 31 मई 2025 के दौरान प्रत्येक 08 से 15 पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविरों के आयोजन की तिथि की जानकारी आवेदकों को एस.एम.एस. के माध्यम से तथा आवेदन की पावती के माध्यम से दी जाएगी साथ ही इन तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि भी पोर्टल में की जाएगी तथा जिन आवेदनों का निराकरण शिविर में सम्भव हो, शिविर में किया जाएगा। शेष आवेदनों का समाधान एक माह में कर आवेदकों को सूचित किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997